हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, शनिवार, 13 सितंबर 2025

**तापमान**
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

11 दुकानदार और टीम के बीच तीखी बहस, 59 हजार...



11 जींद में मिला एक डेंगू पॉजिटिव, आंकड़ा 19 पहुंचा



# 11 लोगों की जान बचाने वाले शहीद सौरभ को क्यों नहीं मिला सम्मान, आयोग नाराज, मुख्य सचिव छह सप्ताह में बताएं देरी क्यों हुई और जिम्मेदारी भी तय करें

## हरियाणा मानव अधिकार आयोग ने पिल्लूखेड़ा निवासी शहीद के मामले में महत्वपूर्ण आदेश पारित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा मानव अधिकार आयोग ने पिल्लूखेड़ा निवासी स्वर्गीय शहीद सौरभ गर्ग के मामले में महत्वपूर्ण आदेश पारित किया है। आयोग की पीठ जिसमें आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति ललित बत्तरा सदस्य (न्यायिक) कुलदीप जैन एवं सदस्य दीप भाटिया सम्मिलित रहे ने यह आदेश शिकायत संख्या 1995/8/2023 में पारित किया।

शहीद सौरभ के पिता चंद्रभान ने शिकायत दी थी कि आठ दिसंबर 2012 को जिला जींद के पिल्लूखेड़ा में 11 लोगों की जान बचाते हुए सौरभ ने अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। घर रसोई गैस सिलेंडर से गैस रिसाव के कारण आग की लपटों में घिर गया था। सौरभ गर्ग ने अपनी जान की परवाह न करते हुए



सभीजन को बचाने का काम किया। स्व. सौरभ गर्ग का बलिदान न केवल उनके परिवार का निजी शोक है बल्कि संपूर्ण समाज और राज्य का गौरव भी है। चंद्रभान ने कहा कि वो पिछले एक दशक से इस बलिदान की मान्यता हेतु निरंतर प्रयासरत हैं। अभिलेख से स्पष्ट है कि उपायुक्त जींद ने घटना के एक सप्ताह के भीतर ही मामले की संस्तुति गृह विभाग हरियाणा सरकार को भेज दी थी। इसके बाद बार-बार पत्राचार हुआ। 22 फरवरी 2013 को हरियाणा विधानसभा में इस घटना पर चर्चा हुई। जहां सदस्यों ने दिवंगत की स्मृति में मौन खड़े होकर श्रद्धांजलि दी। लगातार पत्राचार किया गया लेकिन कोई संतोषजनक जवाब नही आया।

### शहीद सौरभ को शत-शत नमन

अखिल भारतीय अग्रवाल समाज के प्रधान राजकुमार गोयल ने कहा कि पिल्लूखेड़ा कस्बे में 18 फुट ऊंचा भव्य शहीद सौरभ गर्ग स्मारक स्थापित किया है। यह स्मारक आने वाली पीढ़ियों को सौरभ के साहस और बलिदान से प्रेरणा देता रहेगा। खुद की जान कुर्बान कर 11 लोगों की जान बचाने वाले शहीद सौरभ गर्ग को शत-शत नमन।

### शहीद सौरभ को शत-शत नमन

कूड़ेदान, पीने के पानी की सुविधाए बेंच एवं सौर ऊर्जा, एलईडी लाइट लगाई जाए। स्मारक की महत्ता एवं जिम्मेदार प्राधिकरण का नाम प्रदर्शित किया जाए। नियमित निरीक्षण के लिए अधिकारी नॉमित किया जाए। हरियाणा मानव अधिकार आयोग ने स्पष्ट किया कि शहीद सौरभ गर्ग की बहादुरी को केवल उनके परिवार के लिए ही नही बल्कि पूरे समाज के लिए प्रेरणास्रोत मान्यता मिलनी चाहिए। उनकी शहादत यह संदेश देती है कि साहस, मानवता और निस्वार्थ सेवा कभी अनदेखी नहीं की जाएगी।

### विस्तृत मेंटेनेंस प्लान तैयार करें

अब अतिरिक्त मुख्य सचिव, गृह विभाग हरियाणा ने सूचित किया है कि गृह मंत्रालय भारत सरकार की दिनांक 01.04.2024 की अधिसूचना के अनुसार केवल पिछले दो वर्षों के मामलों को ही नामित किया जा सकता है। अतः स्व. सौरभ गर्ग का नाम प्रधानमंत्री जीवन रक्षा पदक हेतु विचाराधीन नही हो सकता। आयोग ने यह भी स्पष्ट किया कि आर्थिक सहायता पांच लाख उनके बलिदान के सम्मान का विकल्प नहीं हो सकती है। प्रोटोकॉल सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी डा. पुनीत अरोड़ा ने जानकारी दी कि उपर्युक्त तथ्यों को ध्यान में रखते हुएएन्यायमूर्ति ललित बत्तरा की अध्यक्षता वालेपूर्ण आयोग ने संतुतियां जारी की हैं। जिसमें मुख्य सचिव हरियाणा छह सप्ताह में रिपोर्ट दें कि जिसमें 2012 से अब तक हुई देरी की जिम्मेदारी तय की जाए। राज्य सरकार भारत सरकार, गृह मंत्रालय से अनुरोध करे कि एक अप्रैल 2024 की अधिसूचना में छूट प्रदान कर इस मामले पर विशेष विचार किया जाए। राज्य सरकार स्वयं भी शहीद सौरभ गर्ग को राज्य स्तर पर उपयुक्त साहसिक पुरस्कार प्रदान करने पर विचार करे। आदेश की प्रति मुख्यमंत्री हरियाणा को भेजी जाए ताकि वे स्वयं संज्ञान लेकर सर्वोच्च स्तर पर उचित कार्रवाई सुनिश्चित करें। शिकायतकर्ता द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि शहीद सौरभ गर्ग स्मारक का रखरखाव ठीक से नही हो रहा। इस पर आयोग ने सचिव मार्केट कमेटी पिूखेड़ा को निर्देश दिए कि सफाई, प्रकाश व्यवस्था, बागवानी एवं देखरेख के लिए विस्तृत मेंटेनेंस प्लान तैयार करें।

### लाभ से वंचित होना पड़ा

यह उल्लेखनीय है कि उस समय भारत सरकार की ओर से साहसिक कार्यों एवं जीवन रक्षा के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार देने हेतु एक सुव्यवस्थित नीति पहले से ही लागू थी। हरियाणा सरकार इस नीति के अंतर्गत नामांकन भेज सकती थी। किंतु संबंधित अधिकारियों द्वारा निर्धारित समयसीमा में फाइल आगे न बढ़ाने के कारण मृतक को इस लाभ से वंचित होना पड़ा। न्यायमूर्ति ललित बत्तरा की अध्यक्षता वाले पूर्ण आयोग की सख्त टिप्पणी की है कि यह देरी पूरी तरह प्रशासनिक लापरवाही एवं उदासीनता का परिणाम है और इससे न केवल परिवार बल्कि पूरे समाज के साथ अन्याय हुआ है। स्पष्ट संस्तुतियों और मामले की असाधारण योग्यता के बावजूद यह मामला समय पर निपटाया नहीं गया और प्रशासनिक विलंब में फंस गया।

## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय कराटे खेल के ट्रायल 15 को

**जींद।** जिला खेल अधिकारी रामपाल हुड्डा ने बताया कि महानिदेशक खेल विभाग हरियाणा द्वारा दिए गए निर्देशानुसार 15 सितंबर को सुबह 10 बजे अर्जुन स्टेडियम के बहुद्देशीय हॉल मे जिलास्तर पर कराटे खेल के ट्रायल आयोजित किए जाएंगे। इन ट्रायल्स के आधार पर खिलाडियों का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया जाएगा।

### स्वच्छता अभियान के तहत किया जागरूक

उचाना। स्वच्छ भारत मिशन के तहत हरियाणा स्वच्छता अभियान नपा जेई एसग्रेवाल की अगुवाई में चलाया गया। दुकानों पर जाकर दुकानदारों को नियमानुसार पॉलिथन प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया तो कूड़ा-कर्कड बाजार में न डालकर दुकान में डस्टबिन रखकर डालने की अपील भी की। स्कूलों में जाकर भी छात्रों को स्वच्छता के लिए जागरूक किया गया।

### मारपीट करने पर तीन के खिलाफ मामला दर्ज

**जींद।** सफीदों में कहासुनी के चलते युवक से मारपीट करने पर शहर थाना सफीदों पुलिस ने तीन युवकों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। सफीदों निवासी सागर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी मोहल्ले के ही सचिन तथा उसके दोस्तों से कहसुनी हो गई। जिस पर आरोपितो ने उस पर हमला कर घायल कर दिया।

### अवैध असला सप्लाई करने के मामले में आरोपी दबोचा

**कैथल।** अवैध असला-अमुनेशन सप्लाई करने के एक मामले की जांच स्पेशल डिटेक्टिव युनिट के एसआई धर्म सिंह की टीम द्वारा करते हुए अवैध असला अमुनेशन सप्लाई करने वाले आरोपी बुढाना जिला मुजफ्फरनगर यूपी निवासी मोहमद साहिल को नियमानुसार गिरफ्तार कर लिया गया।

### रंजिशन हमला करने पर 3 के खिलाफ केस

**जींद।** गांव अलीपुरा में रंजिशन हमला कर युवक को घायल करने पर उचाना थाना पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव अलीपुरा निवासी प्रसन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गांव के राममेहर के साथ उनकी रंजिश चली आ रही है। उसी रजिश के चलते राममेहर परिवार ने उस पर हमला कर दिया। जिसमें उसे काफी चोटें आई।

### दुकान का दरवाजा तोड़कर चोरी के आरोपित गिरफ्तार

**कैथल।** चौकी भागल थाना ने करियाना दुकान का दरवाजा तोड़कर सामान चोरी करने के मामले में त्वरित कार्रवाई करते 2 आरोपियों को काबू करने में सफलता हासिल की है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि भुसला निवासी राकेश कुमार की शिकायत अनुसार गांव में ही स्थित उसकी करियाना दुकान को उसने 10 दिन बाद खोलकर 10 सितंबर को देखा तो दुकान का लकड़ी का दरवाजा तोड़कर अज्ञात चोरों ने एक पेटी रिफाइंड अन्य समान चुरा लिया।

### पिस्तौल व जिंदा कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**जींद।** सीआईए स्टाफ सफीदों ने गांव सिंघाना के निकट एक युवक को काबू कर उसके कब्जे से एक पिस्तौल तथा एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। सीआईए स्टाफ कर्मी सफीदों के गांव सिघाना के पास गश्त करे रहे थे।

### एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ ने बाइक चोर दबेचा

**कैथल।** बाइक चोरी करने के मामले की जांच एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ प्रभारी एसआई प्रदीप कुमार की अगुवाई में एचसी ईशम सिंह की टीम द्वारा करते हुए आरोपी अर्जुन नगर कैथल निवासी गुरप्रीत को काबू कर लिया गया। आरोपी अदालत के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## नरवाना के 6710 किसानों ने क्षतिपूर्ति पोर्टल पर दर्ज करवाया ब्योरा

# 16253 किसानों ने 104407 एकड़ में फसल खराबे का ब्योरा दर्ज करवाया

### जिले में जल्द पटवारी प्रारंभ करेंगे स्पेशल गिरादवरी का कार्य

**गिरदावरी के बाद ही आर्थिक सहायता मिलेगी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

पिछले दिनों तेज बारिश के बाद हुए जलभराव को लेकर जिले में 104407 एकड़ फसल पानी में डूब गई है। इससे किसानों को भारी नुकसान हुआ है। जिलाभर के 16253 किसानों ने शुक्रवार तक 104407 एकड़ में फसल खराबे का ब्योरा दिया है। हालांकि अभी तक जिला राजस्व विभाग ने स्पेशल गिरदावरी का काम शुरू नहीं किया है। गिरदावरी होने के बाद ही किसानों को फसल खराब की एवज में आर्थिक सहायता मिल पाएगी। जिले के नरवाना और जुलाना क्षेत्र में बारिश के बाद हुए जलभराव से सैंकड़ों एकड़ में खड़ी खरीफ की फसल बर्बाद हो गई है। इसको लेकर किसानों की परेशानी बढ़ गई है। किसान रोजाना लघु सचिवालय पहुंच कर प्रशासन से स्पेशल गिरदावरी करवाने की मांग कर रहे हैं। जिले में सबसे ज्यादा नुकसान नरवाना क्षेत्र में हुआ है। वहां पर 6710 किसानों ने अपनी खराब फसल का ब्योरा दिया है। उन्होंने पोर्टल पर 42592 एकड़ में फसल खराब होने की जानकारी दी है। इसके अलावा जुलाना क्षेत्र में 2130 किसानों ने 14460 एकड़ में फसल खराबा बताया है। वहीं उचाना क्षेत्र में भी 4837 किसानों ने 30092 एकड़ में फसल खराब होने बारे ब्योरा दिया है। खरीफ सीजन की फसलों की गिरदावरी करने की अवधि को सरकार ने 15 सितंबर तक बढ़ा दिया है। पहले यह पांच सितंबर तक पूरी करनी थीए लेकिन सरकार ने निर्देश दिए कि जलभराव से फसलों को नुकसान का आंकलन करने के लिए निर्धारित तिथि के बाद ही गिरदावरी करें। ऐसे में अब पटवारी खेतों में जाकर गिरदावरी के दौरान फसल खराबे की रिपोर्ट भी तैयार कर ऑनलाइन अपलोड करेंगे। इसके बाद कानूनगो द्वारा वेरिफिकेशन की जाएगी। फिर तहसीलदार, एसडीएम और डीसी भी खुद वेरिफिकेशन करेंगे। जिला राजस्व अधिकारी राजकुमार ने बताया कि बारिश के बाद जलभराव से खराब फसलों के नुकसान का ब्योरा क्षतिपूर्ति पोर्टल पर डाला जा रहा है।



जींद। खेत में मौजूद बरसाती पानी। *फोटो :हरिभूमि*

### क्षतिपूर्ति विवरण 15 सितंबर तक भरें

**गुहला-चीका।** गुहला उपमंडल के गांव सरोल में आज राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण के दिशा-निर्देशों अनुसार बाढ़ प्रभावित किसानों को मुआवजा दिलवाने हेतु एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव कवल कुमार के मार्गदर्शन में तथा उपमंडल विधिक सेवाएं समिति के अध्यक्ष एवं अतिरिक्त दीवानी न्यायाधीश अक्षय चौधरी के निर्देशानुसार आयोजित किया गया शिविर में पैनल अधिवक्ता जीवन सिंह नैण ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए बताया कि प्रदेश में हुई भीषण वर्षा और बाढ़ से खराब हुई फसलों के लिए क्षतिपूर्ति पंजीकरण प्रणाली (पोर्टल) शुरू की गई है। उन्होंने बताया कि यह ऑनलाइन प्रणाली 15 सितंबर तक सक्रिय रहेगी। अतः सभी किसान अपनी खराब हुई फसलों का विवरण समय रहते इस प्रणाली पर दर्ज करवाएं।

# गुहला में कार्यकारी अभियंता के खिलाफ कर्मियों का रोष

- समाधान नहीं होने पर आंदोलन को धरना प्रदर्शन में बदलने की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका

ऑल हरियाणा पावर कॉरपोरेशन यूनियन (संबद्ध सर्व कर्मचारी संघ) के तत्वावधान में बिजली विभाग के कार्यकारी अभियंता गुहला के खिलाफ डिवीजन स्तर पर गेट मीटिंग का आयोजन दूसरे दिन भी जारी रहा। यह गेट मीटिंग 12 सितंबर को यूनिट प्रधान संदीप सैनी की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जबकि मंच संचालन यूनिट सचिव राकेश कुमार द्वारा किया गया। गेट मीटिंग में राज्य स्तर से यूनियन के वरिष्ठ नेता बलजिंदर सीड़ा और अभिषेक शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान राज्य के उपप्रधान स्वराज सिंह ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए बताया कि कार्यकारी अभियंता को संगठन द्वारा कर्मचारियों की समस्याओं से कई बार लिखित एवं मौखिक रूप में अवगत कराया गया, लेकिन बार-बार प्रयासों के बावजूद इन समस्याओं का कोई समाधान नहीं किया गया।

### सरकार ने जारी

गेट मीटिंग में चीका सब यूनिट प्रधान धर्मवीर सिंह, सचिव अनुज पारस, सीवन सब यूनिट से प्रधान जसवीर सिंह, सचिव जोगिंदर सिंह सहित कई कर्मचारी नेताओं ने भी विचार रखे। उपस्थित कर्मचारियों में प्रदीप मोगा, संदीप गर्ग, नरेश कुमार, सुखदेव सिंह, राजीव, चांद राम, आत्मा राम, राजेश शर्मा, जसपाल, मनी राम, सतीश कुमार समेत अनेक कर्मचारी शामिल रहे।

### रोडवेज कर्मियों ने मांगों को लेकर प्रदर्शन किया

**जींद।** हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन संबंधित सर्व कर्मचारी संघ ने शुक्रवार को मांग दिवस मनाते हुए दो घंटे बस अड्डे पर प्रदर्शन किया और महाप्रबंधक राहुल जैन को मांगों को लेकर सौंपा गया। प्रदर्शन की अध्यक्षता डिपो प्रधान देवेंद्र घोडेला और संचालन डिपो सचिव रमेश भैणी ने किया। डिपो प्रधान देवेंद्र ने कहा कि सरकार परिवहन विभाग में तबादला नीति को रद्द कर आठवें वेतन आयोग का गठन कर वेतन विसंगति को दूर करे। हरियाणा सरकार व परिवहन विभाग के उच्च अधिकारियों के साथ कई दौर की बातचीत में विभाग के कर्मचारियों की बनाई तबादला नीति खामियों पर यूनियन लिखित आपत्ति जताई।

### नागरिक अस्पताल में 25 लाख से बनेगी पार्किंग

**जींद।** जिला मुख्यालाय स्थित नागरिक अस्पताल में आने वाले वाहन चालकों को जल्द ही पार्किंग की सुविधा उपलब्ध होगी। अस्पताल प्रशासन ने पार्किंग के लिए जगह का चयन कर लिया है। नई बिल्डिंग के पीछे सिटी स्कैन सेंटर के सामने खाली जगह में लगभग 25 लाख की लागत से पार्किंग बनाई जाएगी। पार्किंग बनाने को लेकर यहां उगी झाडियों को साफ कर जगह को समतल किया जा रहा है। पार्किंग बनने से अस्पताल में जगह-जगह खड़े होने वाले वाहनों से खड़ी होने वाली समस्या से निजात मिलेगी। इसके साथ ही आए दिन वाहन चोरी की वारदातों पर भी अंकुश लगेगा। 25 लाख की लागत से बनेगी नई पार्किंग नागरिक अस्पताल में पिछले काफी समय से पार्किंग सुविधा उपलब्ध करवाए जाने की मांग की जा रही थी। पार्किंग न होने से वाहन चोरी की वारदातें आम हो गई थी।

# किसान छात्र एकता संगठन ने फूंका हॉस्टल वार्डन का पुतला

- विवि छत्रपति शिवाजी छात्रावास में साफ-सफाई की स्थिति बेहद खराब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

चौधरी रणबीर सिंह विवि में किसान छात्र एकता संगठन ने शुक्रवार को विवि छत्रपति शिवाजी छात्रावास में लंबे समय से आ रही समस्याओं को लेकर जोरदार प्रदर्शन करते हुए हॉस्टल वार्डन एवं चीफ वार्डन का पुतला फूंका। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सुमित लाठर ने कहा कि लंबे समय से छात्र लगातार अपनी समस्याओं को प्रशासन के सामने रख रहे हैं लेकिन विश्वविद्यालय



प्रशासन द्वारा अभी तक उसका कोई समाधान नही किया गया है। इसके बाद छात्रों ने कुलपति प्रो. डा. रामपाल सैनी से मुलाकात कर एक ज्ञापन भी सौंपा। ज्ञापन में स्पष्ट किया गया कि विश्वविद्यालय छत्रपति शिवाजी छात्रावास में साफ-सफाई की स्थिति बेहद खराब है और थर्ड फ्लोर पर जो कंप्यूटर लैब है, वह लगातार डेढ़ साल से बंद पड़ी है।

### घग्गर का जल स्तर निरंतर कम हो रहाः कै. प्रमेश सिंह

**गुहला-चीका।** एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ने कहा कि घग्गर का जल स्तर निरंतर कम हो रहा है। शुक्रवार को दोपहर 3 बजे की रिपोर्ट के अनुसार घग्गर का जल स्तर 21.7 तथा 44484 क्यूसिक पानी दर्ज किया गया है। सबसे ज्यादा घग्गर का जल स्तर 24.8 रहा था। जल स्तर करीब तीन फुट तक कम हो चुका है। जिन किसानों के खेतों में जल भराव होने के कारण फसल खराब हुई है, वह किसान ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल पर जाकर अपना पंजीकरण करवाएं ताकि उन्हें समय पर मुआवजा प्राप्त हो सके। एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह ने कहा कि जिला प्रशासन व स्थानीय प्रशासन घग्गर के जल भराव स्थिति पर पूरी निगरानी बनाएं हुए है। सिंचाई विभाग की पोकलेन व अन्य मशीनें मौके पर तैनात है, कमजोर तटबंध को तुरंत मजबूत किया गया है। खेतों में पानी पहुंचा था, जोकि धीरे-धीरे कम हो रहा है।

# पेयजल समस्या को लेकर जींद कैथल मार्ग पर लगाया जाम

- बोर की मोटर खराब होने से बाधित है गांव शाहपुर की पेयजल स्पलाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव शाहपुर के ग्रामीणों ने शुक्रवार सुबह पेयजल की समस्या को लेकर जींद-कैथल मार्ग पर जाम लगा दिया। ग्रामीणों का कहना था कि स्पलाई न होने के कारण पीने के पानी की भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों के बिफरने की सूचना पाकर जन स्वास्थय विभाग के एसडीओ मौके पर पहुंचे और पेयजल स्पलाई बहाल का आश्वासन दे जाम खुलवाया।

### वाहन चालक परेशान

गांव शाहपुर के ग्रामीणों को शुक्रवार सुबह उस समय गुस्सा फूट पड़ा जब गांव की पेयजल स्पलाई तीसरे दिन भी नही आई। खफा ग्रामीण गांव के बस अड्डे पर आ गए और सड़क पर खड़े होकर जाम लगा दिया। ग्रामीणों का कहना था कि पेयजल की स्पलाई न होने से उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जनस्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी मोटर खराब होने की बात कह रहे हैं। उसे ठीक भी नही करवाया जा रहा है। जाम लगाने की सूचना पाकर जनस्वास्थ्य विभाग के एसडीओ रणबीर सिंह मौके पर पहुंच गए और बोर में जल्द दूसरी मोटर डलवाने का आश्वासन देकर जाम खुलवाया। जाम के कारण यात्रियों तथा वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

### एटीएम बदलकर निकाले साढ़े 52 हजार रुपये, शिकायत दर्ज

**जींद।** सफीदों में बैंक के एटीएम कैबिन में अज्ञात युवक ने एक व्यक्ति के एटीएम कार्ड को बदल कर उसके खाते से साढ़े 52 हजार रुपये निकलवा लिए। शहर थाना सफीदों पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात युवक के खिलाफ चोरी तथा धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। सफीदों निवासी श्यामलाल ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि गत एक सितंबर को वह एचडीएफसी बैंक के एटीएम कैबिन में राशि निकलवाने गया हुआ था। उसी दौरान कैबिन में मौजूद एक युवक ने उसे बातों में उलझा लिया और उसका एटीएम कार्ड बदल लिया। जिसके बाद उसके खाते से साढ़े 52 हजार रुपये की राशि को निकलवा लिया। घटना का उस समय पता चला जब उसके खाते से राशि निकलवाने के संदेश आए। जब उसने एटीएम कार्ड को संभाला तो वह बदला हुआ था।

## लोककला महोत्सव में हरियाणवी लोकनृत्य कार्यक्रम का आयोजन

# कुए की पनिहारी गीत पर लोकनृत्य की प्रस्तुति से मोहा सबका मन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग हरियाणा एवं फल्गु मंदिर सुधार समिति के संयुक्त तत्वावधान में फल्गु तीर्थ पर तीन दिवसीय लोक कला महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें पहले दिन हरियाणवी लोकनृत्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ साहित्यकार एवं पत्रकार तथा हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के उर्दू प्रकोष्ठ के निदेशक डॉ चंद्र त्रिखा, मुख्य





अतिथि पूंडरी विधायक सतपाल जाम्बा, हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के सदस्य सचिव मनजीत सिंह अध्यक्ष तथा विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ शिक्षाविद् एवं साहित्यकार रामबीर सिंह 'राम' और समाजसेवी विकास गर्ग ने दीप प्रज्वलित कर किया। लोकनृत्य कार्यक्रम की शुरुआत लोक कलाकार मुकेश ने गणेश वंदना से की। इसके बाद कपिल ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। सत्यवान और सोनी ने कुए की पनिहारी गीत पर लोकनृत्य की प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। फिर हरियाणवी लोकगीत मेरा दामण सिमादे पर सीमा, कोमल, गगनदीप, नीलम और मोनिका ने लोकनृत्य की प्रस्तुति दी। इसी प्रकार छोरा मैं हरियाणे का, सुसरा जी ल्यादे ऊंटनी, मेरे दामण पै दो सर्प और हरियाणवी फाग जैसी प्रस्तुतियां मंच पर हुई। विशेष आमंत्रित लोक कलाकार सीमा वत्स ने काला-काला कहे गुजरी पर लोकनृत्य की अद्भुत प्रस्तुति दी। लोक गायक बलराज ने अपनी टीम के साथ हरियाणवी लोकनृत्य के साथ-साथ 'जर-जोरू और जमीन, कहकै उलटा नहीं फिरूंगा और आजादी की हां भरै तै' की सराहनीय प्रस्तुति दी और दर्शकों की खूब तालियां बटोरी।

### ये रहे मौजूद

लोकनृत्य कार्यक्रम में अध्यक्ष रहे मनजीत सिंह ने सामाजिकता और संस्कृति से ओत-प्रोत प्रस्तुतियों के लिए लोक कलाकारों कीप्रशंसा की और संस्कृति सेवा के लिए शुभकामनाएं दी। विशिष्ट अतिथि रहे रामबीर सिंह 'राम' और विकास गर्ग ने भी अपने विचार रखे। दिनेश शर्मा ने कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग हरियाणा के प्रति आभार व्यक्त किया और आमंत्रित अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य लोगों में संजीव राणा, मनोज राणा, शक्ति राणा, मुकेश शर्मा, हर्ष राणा,कपिल वर्मा, तरसेम शर्मा के अतिरिक्त सैकड़ों दर्शक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कपिल वर्मा ने किया।

# संवारें डिजिटल सेक्टर में भविष्य, सीखें स्किल



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

आज दुनिया तेजी से डिजिटल हो रही है। बिग डेटा के साथ एकुरेसी की तरफ ध्यान दिया जा रहा है। आज एआई, क्लाउड कंप्यूटिंग, ब्लॉक चेन, रोबोटिक्स, आईओटी जैसे तकनीकें तेजी डिजिटल दुनिया को बदल रही हैं। डिजिटल सेक्टर तेजी से विकसित होती इंडस्ट्री है, जो युवाओं को नए रोजगार अवसर प्रदान कर रही है। 2030 में डिजिटल मार्केटिंग सेक्टर का आकार 1500 अरब डॉलर से अधिक होने की संभावना है। डिजिटल मार्केटिंग, सोशल मीडिया मार्केटिंग, वेब डेवलपमेंट, डेटा एनालिटिक्स, साइबर सुरक्षा जैसे कई क्षेत्र हैं जो डिजिटल सेक्टर में 3 से 6 महीने की स्किल सीखने पर उपलब्ध हैं।

## भारी डिमांड

### ये डिजिटल स्किल्स सीखें

वर्ड प्रोसेसिंग सॉफ्टवेयर स्किल, सोशल मीडिया स्किल, पर्सनल आर्किविंग, इनफॉर्मेशन इवैल्यूएशन, स्क्रीनकास्टिंग, कोलैबोरेशन, इमेज एडिटिंग, कंटेंट राइटिंग एंड कंटेंट मैनेजमेंट, डाटा एनालिटिक्स, कॉपीराइट एंड प्लेगिअरिज़्म, डाटा साइंस, डिजिटल प्रोजेक्ट मैनेजमेंट, डिजिटल प्रोडक्ट मैनेजमेंट, सोशल मीडिया मैनेजमेंट, डिजिटल बिजनेस एनालिसिस, डिजिटल डिजाइन एंड डाटा विजुअलाइज़ेशन, वेब एंड एप डेवलपमेंट, डिजिटल प्रोग्रामिंग, डिजिटल वीडियो एडिटिंग आदि।

**बेसिक लर्निंग :** कोडिंग, ब्रांडिंग, क्लाउड सॉफ्टवेयर, माइक्रोसॉफ्ट ऑफिस, बैंकिंग एप्स आदि।

**ये स्किल अहम :** 1. सोशल मीडिया मार्केटिंग, 2. सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन (एसईओ), 3. डिजिटल एनालिटिक्स, 4. ईमेल मार्केटिंग, 5. कंटेंट मार्केटिंग, 6. पेड एड्स, 7. वेबसाइट डेवलपमेंट, 8. वीडियो मार्केटिंग

**डिजिटल कोर्सेज :** सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन (एसईओ), वेब एनालिटिक, ग्राफ़िक डिजाइनिंग, एनीमेशन एंड मल्टीमीडिया, ग्रोथ हैकिंग, सोशल मीडिया मार्केटिंग, ईमेल/ इनबाउंड मार्केटिंग, मोबाइल मार्केटिंग, कंटेंट मार्केटिंग, पे-पर-क्लिक (पीपीसी) मार्केटिंग, सर्टिफाइड डिजिटल मार्केटिंग मास्टर कोर्स आदि।

## मार्केटिंग हॉट

मार्केटिंग का एक अन्य ट्रेंड है डिजिटल मार्केटिंग। यह उन सभी ऑनलाइन मार्केटिंग गतिविधियों के लिए उपयोग किया जा सकता है जो इंटरनेट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से की जा रहीं हैं। आज के समय में कंपनियां डिजिटल मार्केटिंग के लिए अलग-अलग प्लेटफॉर्मों का उपयोग कर रहीं हैं, जैसे वेबसाइट, सोशल मीडिया, ईमेल और मोबाइल एप्लीकेशन। इसी कारण डिजिटल मार्केटिंग सेक्टर में सर्च इंजन ऑप्टिमाइजेशन (एसईओ), सोशल मीडिया मार्केटिंग (एसएमएम), मार्केटिंग एनालिसिस्ट, ईमेल मार्केटिंग, वीडियो मार्केटिंग, फेसबुक विज्ञापन एक्सपर्ट की ढेरों रिक्तियां हैं।

**जॉब ऑप्शन्स :** डाटा साइंटिस्ट, वेस्ट डाटा मैनेजर, कमर्शियल/ सिविलियन ड्रोन ऑपरेटर, डिजिटल करेंसी एडवाइजर, डिजिटल आर्टिस्ट, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) एक्सपर्ट, रोबोटिक्स और मशीन लर्निंग एक्सपर्ट, डिजिटल प्रोडक्ट डिजाइनर, मोबाइल डिजाइनर, वेब डेवलपर/ वेब डिजाइनर, एनिमेशन एक्सपर्ट, एनालिटिकल मैनेजर, यूज़र एक्सपीरियंस डिजाइनर, डिजिटल मार्केटिंग मैनेजर, ईमेल मार्केटिंग मैनेजर, सोशल मीडिया एक्सपर्ट, सर्च इंजन ऑप्टिमाइज़र, कॉपी/ कंटेंट राइटर।

**टॉप रिक्रूटर्स :** एफएमसीजी (फ्रास्ट मूविंग कंज्यूमर गुड्स), रिटेल, टूरिज्म, बैंकिंग, हॉस्पिटैलिटी, आईटी एंड आईटीईएस, मीडिया/ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स/ चैनल्स, पीआर एंड एडवरटाइजिंग, कंसल्टेंसी, मार्केट रिसर्च और पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइसेज आदि।

## स्किल सीखने के फायदे

डिजिटली दक्ष युवाओं के लिए कई नौकरियां उपलब्ध हैं। डिजिटल मार्केटिंग सेक्टर में स्किल्ड युवाओं की कमी होने के कारण नौकरियों में उच्च वेतन दिया जाता है। डिजिटल मार्केटिंग उद्यमियों के लिए एक लाभदायक विकल्प होता है। इसमें वे अपने उत्पादों और सेवाओं को व्यापक रूप से प्रचार कर सकते हैं और अधिक ग्राहकों को आकर्षित कर सकते हैं। डिजिटल मार्केटिंग ने बाजार में एक नया मापदंड स्थापित किया है। इसमें अधिक लोगों तक आपका संदेश पहुंचाने के लिए कम खर्च की आवश्यकता होती है। इस तरह से, उद्यमी संचार के लिए कम समय और पैसे खर्च करते हैं। डिजिटल सेक्टर युवा नए क्षेत्र में रोमांचक तरीके से काम कर सकते हैं। आप खुद के बोस हो सकते हैं और स्वयं के अनुसार काम करने का फैसला कर सकते हैं। आप खुद के व्यवसाय या ऑनलाइन स्टार्टअप भी शुरू कर सकते हैं जो आपको स्वतंत्रता और आय की संभावनाएं प्रदान करता है। आप अपने दौर के अनुसार उचित संसाधनों और उपकरणों के साथ काम कर सकते हैं जो आपको आपकी आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद करते हैं। ऑनलाइन वर्क और प्लेटफॉर्म्स पर सुरक्षित रहना और जिम्मेदारी से काम करना आ जाता है।

## डिजिटल सेक्टर के ट्रेंड्स

### आधार आधारित

आधार आधारित मार्केटिंग बढ़ता हुआ ट्रेंड है। इस मार्केटिंग में ग्राहकों के बारे में जानकारी जैसे उनके नाम, उम्र, पता, ईमेल आईडी, सोशल मीडिया अकाउंट आदि इकट्ठी कर इसका उपयोग उन्हें प्रभावी ढंग से लक्ष्य दर्शकों के लिए विज्ञापन दिखाने में किया जाता है।

### सोशल मीडिया

सोशल मीडिया मार्केटिंग एक और महत्वपूर्ण डिजिटल मार्केटिंग ट्रेंड है। सोशल मीडिया पर विज्ञापन दिखाने के साथ-साथ, उत्पाद या सेवाओं को विस्तार से बताने और संचार करने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग किया जाता है। विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट और विज्ञापन शेयर करके, व्यवसाय अपनी विनिमय विवरणों को ग्राहकों तक पहुंचा सकते हैं और ग्राहकों से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### वीडियो मार्केटिंग

वीडियो मार्केटिंग लोकप्रिय डिजिटल मार्केटिंग ट्रेंड है जो ऑडियो और वीडियो सामग्री के माध्यम से उत्पादों और सेवाओं का विज्ञापन करता है, क्योंकि इससे उत्पाद और सेवाओं के बारे में दिए जा रहे विवरणों को समझना आसान हो जाता है। यह वीडियो एड विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर चलाए जा रहे हैं। जैसे - यूट्यूब, इंस्टाग्राम, फेसबुक आदि।

---

### प्रोफेशनल और टेक्निकल करियर की दिशा में ले जाता यह कोर्स

# 'परफ्यूजन टेक्नोलॉजी' से मेडिकल के क्षेत्र में बनाएं शानदार करियर, सैलरी भी अच्छी



विपुल शर्मा

मोटिवेशनल स्पीकर

मेडिकल साइंस के क्षेत्र में जहां हर विभाग का अपना अलग महत्व है, वहीं परफ्यूज़निस्ट की भूमिका दिल की सर्जरी जैसे जटिल ऑपरेशनों के दौरान जीवनरक्षक बन जाती है। परफ्यूजन टेक्नोलॉजी में बीएससी कोर्स युवाओं को मेडिकल क्षेत्र में एक प्रोफेशनल और टेक्निकल करियर की दिशा में ले जाता है। परफ्यूज़निस्ट हृदय शल्यचिकित्सा (हार्ट सर्जरी) जैसे ऑपरेशनों के दौरान हृदय-फेफड़ा मशीन चलाते हैं, जो सर्जरी के समय हृदय और फेफड़ों की जगह कार्य करती है। वे सर्जरी के दौरान रक्त प्रवाह, ऑक्सीजन स्तर और दवाओं का संतुलन बनाए रखने में विशेषज्ञ होते हैं। हृदय और फेफड़ों के प्रत्यारोपण (ट्रांसप्लांट) में परफ्यूज़निस्ट की भूमिका अनिवार्य होती है, जबकि गुर्दा (किडनी) या यकृत (लिवर) प्रत्यारोपण में भी उनकी आवश्यकता हो सकती है। इसके अतिरिक्त, हृदय और धमनियों से जुड़ी ऑन्को-सर्जरी (कैंसर सर्जरी) में भी आवश्यकता पड़ने पर परफ्यूज़निस्ट की सेवाएं ली जाती हैं। इस क्षेत्र में किसी भी युवा के लिए करियर बनाना बेहतरीन तरीका हो सकता है। इसकी बहुत डिमांड रहती है। यदि आप भी इस क्षेत्र में करियर आजमाना चाहते हैं तो आप एक चार साल का कोर्स कर परफ्यूज़निस्ट की भूमिका निभा सकते हैं। यह आपके करियर को चार चांद लगा सकता है। साथ आप मरीज की धड़कनों से रूबरू हो सकते हैं। इसलिए हर युवा इस क्षेत्र में अपना भाग्य आजमा सकता है।

> **हृदय और फेफड़ों के ट्रांसप्लांट में परफ्यूज़निस्ट की भूमिका अनिवार्य, लोगों की धड़कनों के करीब रहने वाला करियर**

## कोर्स की योग्यता

- इस कोर्स में प्रवेश के लिए छात्रों को 12वीं (फिजिक्स, केमिस्ट्री और बायोलॉजी/ गणित के साथ) न्यूनतम 50/55% अंकों से पास होना जरूरी है। सरकारी संस्थानों में केवल प्रवेश परीक्षा (Entrance Test) के आधार पर ही दाख़िला होता है।

## प्रवेश परीक्षा के आधार पर होता दाख़िला



## यहां मिलेंगे नौकरी के अवसर

इस कोर्स के बाद छात्र कार्डियक सर्जरी विभागों, मल्टी-स्पेशियलिटी हॉस्पिटल्स, आईसीयू यूनिट्स और हार्ट रिसर्च सेंटर में काम कर सकते हैं। सरकारी और निजी दोनों ही सेक्टर में इस प्रोफेशन की मांग लगातार बढ़ रही है।

## प्रमुख संस्थान जहां से कर सकते हैं कोर्स

- अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली
- अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, ऋषिकेश
- जवाहरलाल आयुर्विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, पुदुच्चेरी
- पोस्टग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च, चंडीगढ़ (स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान, चंडीगढ़)
- पोस्टग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज़, रोहतक (स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान, रोहतक)
- अमृता इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज़ एंड रिसर्च, कोच्चि (अमृता आयुर्विज्ञान एवं अनुसंधान संस्थान, कोच्चि)
- यू. एन. मेहता इंस्टीट्यूट ऑफ कार्डियोलॉजी एंड रिसर्च सेंटर, अहमदाबाद (यू. एन. मेहता हृदय रोग एवं अनुसंधान केंद्र, अहमदाबाद)
- क्रिश्चियन मेडिकल कॉलेज, वेल्लोर

## निष्कर्ष

परफ्यूजन टेक्नोलॉजी मेडिकल क्षेत्र का वह विशेष हिस्सा है जो सर्जरी के दौरान मरीज की जान बचाने का कार्य करता है। अगर आप टेक्निकल ज्ञान के साथ मेडिकल सेवाओं में रुचि रखते हैं, तो यह कोर्स आपके लिए बेहतरीन विकल्प हो सकता है। इसमें स्किल्स और अनुभव के साथ करियर की ऊंचाइयों तक पहुंचने के अवसर मौजूद हैं।



## यह मिल सकता है वेतनमान

- क्षेत्र में शुरुआती वेतनमान 40,000 से 45,000 प्रतिमाह होता है। अनुभव के साथ यह वेतन 1,00,000 से 1,50,000 प्रतिमाह तक पहुंच सकता है। विदेशों में परफ्यूज़निस्ट की बहुत अधिक मांग और आकर्षक वेतन पैकेज होता है।
- **B.Sc in Perfusion Technology** की अवधि 4 वर्ष की होती है, जिसमें अंतिम वर्ष में इंटर्नशिप शामिल रहती है। कोर्स में थ्योरी, सर्जिकल एक्सपोज़र व क्लीनिकल ट्रेनिंग का समावेश होता है। यह आपके लिए एक बेहतर अवसर हो सकती है।

### क्या है टेक्नोलॉजी

- यह चिकित्सा विज्ञान की वह शाखा है जो प्रक्रियाओं के दौरान हृदय और फेफड़ों के कार्य का समर्थन करने और संभालने के लिए उपकरणों का उपयोग करती है।
- यह तकनीक हृदय-फेफड़े की मशीन (हार्ट-लंग मशीन) और अन्य जीवन रक्षक प्रणालियों जैसे कि **IABP**, **LVAD**, **RVAD** और **ECMO** के संचालन पर केंद्रित है।
- इसका मुख्य उद्देश्य सर्जरी के दौरान रोगी के शरीर में पर्याप्त ऑक्सीजनेशन (ऑक्सीजन का संचार) और परिसंचरण (रक्त प्रवाह) सुनिश्चित करना है।
- परफ्यूजन टेक्नोलॉजिस्ट सर्जिकल टीम का सदस्य होता है।
- हृदय और फेफड़ों की सर्जरी के दौरान हृदय-फेफड़े की मशीन और उपकरणों को संचालित करते हैं।
- वे रोगी की शारीरिक स्थिति की निगरानी करते हैं और सर्जरी के दौरान आवश्यक दवाओं और रक्त उत्पादों का प्रशासन सुनिश्चित करते हैं।

## इसलिए कर सकते हैं कोर्स

- परफ्यूज़न टेक्नोलॉजी का कार्डियोलॉजी से गहरा संबंध है, क्योंकि यह हृदय संबंधी उपचारों और प्रक्रियाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। परफ्यूज़निस्ट, कोरोनरी आर्टरी बाईपास ग्राफ्टिंग (सीएबीजी) या वाल्व रिप्लेसमेंट जैसी सर्जरी के दौरान हृदय-फेफड़े की मशीन का प्रबंधन करने के लिए हृदय रोग विशेषज्ञों और हृदय शल्य चिकित्सकों के साथ मिलकर काम करते हैं, जहाँ वे रक्त का उचित संचार और ऑक्सीजनीकरण सुनिश्चित करते हैं।
- यह सहयोग कार्डियोलॉजी में महत्वपूर्ण है, जहां सटीक और कुशल परफ्यूजन तकनीक हृदय शल्य चिकित्सा और अन्य हृदय संबंधी हस्तक्षेपों की सफलता को सीधे प्रभावित करती है।
- **मांग में पेशे:** बीएससी कार्डियो पल्मोनरी परफ्यूजन टेक्नोलॉजी स्नातक आवश्यक स्वास्थ्य देखभाल पेशेवर हैं, विशेष रूप से हृदय शल्य चिकित्सा और हृदय-फेफड़े की मशीनों से जुड़ी अन्य महत्वपूर्ण चिकित्सा प्रक्रियाओं में।
- **विशिष्ट कौशल सेट:** बीएससी कार्डियो पल्मोनरी परफ्यूजन टेक्नोलॉजी छात्रों को सर्जरी के दौरान हृदय-फेफड़े की मशीन जैसे जीवन रक्षक उपकरणों को संचालित करने के लिए तकनीकी ज्ञान और व्यावहारिक कौशल से लैस करती है।
- **विविध कैरियर के अवसर:** बीएससी कार्डियो पल्मोनरी परफ्यूजन टेक्नोलॉजी स्नातक अस्पतालों, अनुसंधान प्रयोगशालाओं और शैक्षणिक संस्थानों में काम कर सकते हैं, या कार्डियोवैस्कुलर विज्ञान या संबंधित क्षेत्रों में आगे की पढ़ाई कर सकते हैं।

---

# लोगों और जानवरों के लिए हाथ बढ़ाएं भारत को आपदा प्रबंधन में सशक्त बनाएं



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

भारत एक ऐसा देश है जहां प्रकृति की सुंदरता और विविधता के साथ-साथ प्राकृतिक आपदाएं भी आती हैं। बाढ़, भूकंप, चक्रवात, सूखा और भूस्खलन जैसी आपदाएं हर साल लाखों लोगों और जानवरों के जीवन को प्रभावित करती हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि आप, एक युवा और ऊर्जावान छात्र के रूप में, इन आपदाओं में बदलाव ला सकते हैं? आपकी छोटी-छोटी कोशिशें न केवल लोगों और जानवरों की जान बचा सकती हैं, बल्कि भारत को आपदा प्रबंधन में सशक्त भी बना सकती हैं। यह लेख आपको प्रेरित करने के लिए है कि कैसे आप आपदा पर्यावरण में मदद कर सकते हैं, लोगों और जानवरों के लिए सहायता का हाथ बढ़ा सकते हैं, और आपदा प्रबंधन के महत्वपूर्ण कौशल विकसित कर सकते हैं।

## एक पोस्ट बचा सकती हैं हजारों जिंदगियां

**आपदा में सहायता की आवश्यकता क्यों? :** भारत में हर साल प्राकृतिक आपदाएं लाखों लोगों को प्रभावित करती हैं।

**पंजाब की वर्तमान स्थिति और छात्रों की भूमिका:** जागरूकता और सावधानियां फैलाकर योगदान दें। प्रिय छात्रों, आज का समय चुनौतीपूर्ण है, लेकिन यह आपके जैसे युवा योद्धाओं के लिए अवसर है कि आप अपनी शक्ति से बदलाव लाएं। सितंबर 2025 में, पंजाब भयंकर बाढ़ की चपेट में है। भारी बारिश ने नदियों को उफान पर ला दिया है, हजारों लोग बेघर हो गए हैं, स्कूल-कॉलेज बंद हैं, और लाखों प्रभावित हैं। गांव डूबे हुए हैं, सड़कें जलमग्न हैं, और जीवन अस्त-व्यस्त है। लेकिन याद रखो, हर संकट में एक नई शुरुआत छिपी होती है। आप, छात्रगण, घर बैठे भी इस लड़ाई में शामिल हो सकते हैं – सोशल मीडिया के माध्यम से। सोशल मीडिया आपका हथियार है। फेसबुक, इंस्टाग्राम, एक्स , और व्हाट्सएप पर अपनी आवाज बुलंद करो। जागरूकता फैलाओ, सावधानियां साझा करो, और लोगों को प्रेरित करो। तुम्हारी एक पोस्ट हजारों जिंदगियां बचा सकती है।

**जागरूकता फैलाएं:** बाढ़ की ताजा खबरें शेयर करें – सरकारी अलर्ट, बचाव कार्यों की अपडेट्स। पोस्ट में लिखें। पंजाब की बाढ़ में हम सब साथ हैं। जानकारी बचाएगी जान। हैशटैग जैसे **#PunjabFloods**2025, **#StaySafePunjab** इस्तेमाल करें। अपनी स्टोरी में वीडियो बनाओ जहां तुम बताओ कि बाढ़ क्यों आई और कैसे रोक सकते हैं।

**सावधानियां सिखाएं:** लोगों को बताओ कि बाढ़ में क्या करें और क्या न करें। उदाहरण-

- ऊंचे स्थानों पर जाएं, बाढ़ के पानी में न उतरें – यह जानलेवा हो सकता है।
- साफ पानी पिएं, उबला पानी इस्तेमाल करें ताकि बीमारियां न फैलें।
- बिजली के तारों से दूर रहें, और बच्चों को पानी के पास न खेलने दें।
- आपातकालीन नंबर (112 या स्थानीय हेल्पलाइन) शेयर करें।

अपनी पोस्ट में कहो, एक छोटी सावधानी, बड़ा बचाव! आओ, मिलकर पंजाब को मजबूत बनाएं।

**प्रेरणा दें:** दान अभियान शुरू करो – राहत सामग्री, दवाइयां, या फंडरेजर। अपनी क्लासमेट्स को जोड़ो, ग्रुप बनाओ। कहो: ‘हम छात्र हैं, हम बदलाव हैं! आज की आपदा कल की मजबूती बनेगी।

## सोशल मीडिया से क्रांति लाओ

घर बैठे सोशल मीडिया से क्रांति लाओ। तुम्हारी जागरूकता से कोई परिवार बचेगा, कोई गांव सुरक्षित होगा। उठो, पोस्ट करो, और दुनिया को दिखाओ कि युवा शक्ति क्या कर सकती है। जय हिंद, जय पंजाब। छात्रों के रूप में, आपके पास समय, ऊर्जा और सीखने की क्षमता है। आप न केवल तत्काल सहायता प्रदान कर सकते हैं, बल्कि दीर्घकालिक समाधान भी विकसित कर सकते हैं। महात्मा गांधी ने कहा था, “विश्व में जो बदलाव आप देखना चाहते हैं, वह स्वयं बनें।” आपदा प्रबंधन में आपका योगदान भारत को अधिक सुरक्षित और लचीला बना सकता है। यह न केवल एक सामाजिक जिम्मेदारी है, बल्कि आपके व्यक्तिगत विकास और नेतृत्व कौशल को बढ़ाने का अवसर भी है।

आपदा में लोगों और जानवरों की मदद कैसे करें? आपदा के समय सक्रिय होना सबसे महत्वपूर्ण है। यहां कुछ व्यावहारिक और प्रभावी तरीके दिए गए हैं जिनसे आप मदद कर सकते हैं:

**स्वयंसेवी कार्यों में भाग लें :** लोगों की मदद: स्थानीय गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) जैसे रेड क्रॉस, गो ग्रीन, या अन्य राहत संगठनों से जुड़ें। आपदा के दौरान राहत सामग्री जैसे भोजन, पानी, दवाइयां, कंबल और कपड़े वितरित करने में मदद करें। उदाहरण के लिए, बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने में सहायता करें या अस्थायी आश्रय स्थलों में उनकी देखभाल करें।

**जानवरों की सहायता:** आपदाओं में पशु भी उतने ही प्रभावित होते हैं जितने लोग। आवारा कुत्तों, बिल्लियों, या अन्य पशुओं को भोजन और पानी प्रदान करें। पशु चिकित्सा कैंप में स्वयंसेवक बनें, जहां घायल जानवरों का इलाज होता है। संगठन जैसे पेटा इंडिया या ब्लू क्रॉस ऑफ इंडिया के साथ मिलकर काम करें।

## सामान्य ज्ञान

**1.** निम्न में कौन सी भाषा संस्कृत भाषा की अपभ्रंश है?
(ए) खड़ी बोली (बी) ब्रजभाषा
(सी) अवधी (डी) पालि

**2.** अधिकतर भारतीय भाषाओं का विकास किस लिपि से हुआ?
(ए) शारदा लिपि (बी) खरोष्ठी लिपि
(सी) कुटिल (डी) ब्राह्मी लिपि

**3.** हिंदी भाषा किस लिपि में लिखी जाती है?
(ए) गुरुमुखी (बी) ब्राम्ही
(सी) देवनागरी (डी)सौराष्ट्री

**4.** वर्तमान हिंदी का प्रचलित रूप है?
(ए) अवधी (बी) ब्रजभाषा
(सी) खड़ी बोली (डी) देवनागरी

**5.** हिन्दी भाषा की बोलियों के वर्गीकरण के आधार पर छतीसगढ़ी बोली है?
(ए) पूर्वी हिन्दी (बी)पश्चिम हिन्दी
(सी)पहाड़ी हिन्दी (डी)राजस्थानी

**6.** निम्नलिखित में से कौन सी पश्चिमी हिन्दी की बोली नहीं है ?
(ए) बुन्देली (बी) ब्रजभाषा
(सी) कन्नौजी (डी) बघेली

**7.** भारतीय संविधान में किन अनुच्छेदों में राजभाषा संबंधी प्रावधानों का उल्लेख है ?
(ए)343-351 तक (बी)434-315 तक
(सी)443-135 तक(डी) 334-153 तक

**8.** दक्षिणी भारत हिन्दी प्रचार सभा का मुख्यालय कहां स्थित है ?
(ए) हैदराबाद (बी) बंगलौर
(सी) चेन्नई (डी)मैसूर

**9.** हिन्दी भाषा के विकास का सही अनुक्रम कौन-सा है ?
(ए) पालि-प्राकृत-अपभ्रंश -हिन्दी
(बी) प्राकृत-अपभ्रंश-हिन्दी-पालि
(सी) अपभ्रंश-पालि-प्राकृत-हिन्दी
(डी) हिन्दी-पालि-अपभ्रंश-प्राकृत

**10.** संविधान के अनुच्छेद 351 में किस विषय का वर्णन है ?
(ए) संघ की राजभाषा
(बी) उच्चतम न्यायालय की भाषा
(सी) पत्राचार की भाषा
(डी) हिन्दी के विकास के लिए निर्देश

**उत्तर** 1.(डी) 2.(डी) 3.(सी) 4.(सी) 5.(ए) 6.(डी) 7.(ए) 8. (सी)9. (ए) 10. (डी)

## खबर संक्षेप

### प्रधानमंत्री आवास योजना की आवेदन प्रक्रिया जारी

**जुलाना।** जुलाना कस्बे में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत दूसरे चरण की ऑनलाइन प्रकिया जारी है। अब तक 287 लोगों ने ऑनलाइन आवेदन किया है। जुलाना नगरपालिका के सचिव सौरभ जैन ने बताया कि जिन लोगों ने ऑनलाइन आवेदन कर दिया है वो जल्द से जल्द अपने दस्तावेज नगरपालिका में जमा करवाएं ताकि जल्द से जल्द आगामी प्रक्रिया शुरू की जा सके।

### सरकारी स्कूल का ताला तोड़कर इंवर्टर-बैट्री चोरी

**जींद।** गांव गतौली राजकीय गर्ल्ज स्कूल का बीती रात चोरों ने ताला तोड़ कर इन्वर्टर, बैटरी समेत अन्य सामान को चोरी कर लिया। जुलाना थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव गतौली राजकीय गर्ल्ज स्कूल के प्रार्चाय गीता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात चोरों ने स्कूल के कमरे का ताला तोड़ कर इन्वर्टर, बैटरी, स्पीकर, वैब कैमरा व अन्य सामान को चोरी कर लिया।

### उत्कृष्ट पेंटिंग बनाने वालों को किया जाएगा सम्मानित

**जींद।** एडीसी विवेक आर्य ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन को जन-जन तक पहुंचाने और लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा स्वच्छता पर पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित करवाई जाएगी। प्रतियोगिता में स्कूली विद्यार्थियों व प्रतिभागियों द्वारा स्वच्छता विषय पर अपनी उत्कृष्ट एवं बेहतर कलाकृतियों के माध्यम से संदेश दिया जाएगा।

### इनेलो प्रदेशाध्यक्ष आज जींद में

**जींद।** इनेलो जिलाध्यक्ष विजेंद्र सिंह रेढू ने कहा कि जननायक ताऊ देवीलाल का 112वां जन्मदिन इनेलो द्वारा इस बार रोहतक की नई अनाज मंडी में मना रही है। जिसमें प्रदेश भर के कोने-कोने से लोग पहुंच कर ताऊ देवीलाल को अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करने का काम करेंगे। इसी कड़ी में ज्यादा से ज्यादा में लोग वहां पहुंचे, इसकी व्यवस्था करने के लिए प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा 13 और 14 सितंबर को हलका जींद में लोगों को निमंत्रण देने का काम करेंगें।

### हिंदी दिवस पर स्कूल में हुई प्रतियोगिताएं

**जींद।** गांव अहिरका के आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में कक्षा छठी व आठवीं का इंटर हाउस हिंदी क्विज का आयोजन करवाया गया। इसमें छह टीमों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में निशु, पायल, काफी की टीम प्रथम रही। इसके अलावा लक्षिका, गजल द्वितीय रही। इच्छा, मनीषा और राधिका तृतीय रहे।

### टीबी मरीज को पोषणयुक्त सामग्री की वितरित

**अलेवा।** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त अभियान के तहत समाजसेवी सुदेश नगूरां ने गांव के एक टीबी मरीज को गोद लिया है। इस अभियान के तहत मरीज को पोषणयुक्त सामग्री वितरित की गई। कार्यक्रम में पीएचसी नगूरां से स्वास्थ्य निरीक्षक नरेंद्र ढांडा ने भाग लिया। नरेंद्र ढांडा ने कहा कि समाजसेवी सुदेश नगूरां की यह पहल न केवल स्वास्थ्य के प्रति उनकी प्रतिबद्वता को दर्शाती है।

### नरवानाः पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**नरवाना।** सनातन धर्म महिला कालेज में प्राचार्या डा. अंजना की अध्यक्षता में कालेज के रेड रिबन क्लब व रेडक्रॉस सेल के नेतृत्व में नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रेडक्रॉस व रेड रिबन प्रभारी डा. अनीता ने बताया कि हमारे महाविद्यालय ने नशा मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने हेतु नशे से बचाव व नशे के दुष्परिणाम विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता रखी गई।

### खुंभ उत्पादन के प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

**नरवाना।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा किसानों को वैकल्पिक खेती की ओर प्रोत्साहित करने हेतु मशरूम उत्पादन को बढ़ावा दिया जा रहा है। मशरूम उच्च पोषक एवं औषधीय गुणों से युक्त फसल है। विटामिन तथा खनिज प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं।

---

### सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग रोकने को चलाया अभियान

# दुकानदार और टीम के बीच तीखी बहस, 59 हजार का किया जुर्माना

### काफी मात्रा में सिंगल यूज प्लास्टिक का सामान मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और नगर परिषद की टीम द्वारा जिले में सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग रोकने को लेकर जांच अभियान चलाया गया। स्पेशल अभियान के तहत टीम ने कैथल, चीका और सीवन के दुकानदारों को 59 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। इसमें कैथल में 31 हजार, चीका में 20 हजार और सीवन में आठ हजार के करीब 12 चालान किए गए।

सरकार और दोनों विभागों के उच्च अधिकारियों के आदेश पर टीम कार्रवाई करने के लिए गई थी। टीम में मुख्य रूप से प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी राजेंद्र शर्मा, एसडीओ डा. सतीश कुमार, एसडीओ मोहित मुदगिल और नगर परिषद के मुख्य सफाई निरीक्षक सुंदर लाल, कर्मचारी लखविंद्र मौजूद थे। टीम सबसे पहले भगत सिंह चौक पर गई। यहां सिंगल यूज प्लास्टिक की दो बड़ी दुकानें थी। एक दुकान मौके पर बंद मिली तो टीम दूसरी दुकान में पहुंच गई। यहां चेकिंग की तो काफी मात्रा में सिंगल यूज प्लास्टिक का सामान मिला। दुकान से काफी मात्रा में सामान भी जब्त कर लिया गया था। इसके बाद दुकानदार को 25 हजार रुपये का जुर्माना लगा दिया गया।

इसके बाद टीम चंदाना गेट रोड पर गई, लेकिन यहां दुकान पहले ही बंद पाई गई। इसके बाद टीम जनता मार्केट में गई और वहां एक दुकान से सामान को जब्त किया। दुकानदार को तीन हजार रुपये का जुर्माना लगाया और उसी समय वहां दुकानदारों ने विरोध कर दिया था।



**कैथल।** दुकान से सिंगल प्लास्टिक को जब्त करते कर्मचारी।

#### फैक्टरी बंद क्यों नही करवाते

*विरोध कर रहे दुकानदारों का कहना था कि यदि सरकार प्लास्टिक प्रयोग रोकना चाहती है तो फिर फैक्टरी बंद क्यों नहीं करवाती। जब फैक्टरी बंद होगी तो सामान आएगा ही नहीं लेकिन अधिकारी केवल छोटे दुकानदारों पर ही जुर्माना लगाते हैं, फैक्टरी संचालकों को कुछ नहीं कहा जाता।*

#### टीम के जाने से पहले ही दुकानें मिली बंद

*दोनों विभागों की टीम के जाने से पहले ही बाजार में कई जगहों पर दुकानें बंद मिली। दुकानदार गौरव मित्तल ने बताया कि टीम के ही कुछ कर्मचारियों ने पहले ही दुकानदारों को कार्रवाई को लेकर सूचना दे दी थी। यह भी आरोप लगाया कि इस प्रकार से कार्रवाई करना गलत है। दुकानदारों के साथ भी भेदभाव किया जा रहा है।*

#### दुकानदारों से अपील

सरकार और उच्च अधिकारियों के आदेशानुसार स्पेशल अभियान चलाकर सिंगल यूज प्लास्टिक बेचने वाले दुकानदारों पर कार्रवाई शुरू की गई है। कैथल, चीका और सीवन में दुकानदारों को करीब 59 हजार रुपये जुर्माना लगाया गया है। जनता मार्केट में दुकानदारों ने विरोध किया था। टीम की तरफ से आगे भी इस प्रकार की कार्रवाई जारी रखी जाएगी। दुकानदारों से अपील है कि वे सिंगल यूज प्लास्टिक का सामान ना रखें। - ***राजेंद्र शर्मा, क्षेत्रीय अधिकारी, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड कैथल।***

#### सामान जब्त

जैसे ही टीम जांच के दौरान भगत सिंह चौक स्थित दुकान पर पहुंची तो दुकान में हिंदी सलाहकार समिति गृह मंत्रालय भारत सरकार के सदस्य एवं भाजपा नेता गौरव मित्तल पाडला ने टीम के साथ बहस की। यही नहीं उन्होंने कार्यवाही बीच में रोकने का भी प्रयास किया। बाद में उनके द्वारा टीम से कई राजनेताओं से भी बात करवाई गई लेकिन किसी भी राजनेता का फोन काम नहीं आया तथा टीम द्वारा सामान जब्त करते हुए उन पर जुर्माना ठोक दिया।

---

### राष्ट्रीय स्तर पर आरपीएस की टीम को मिला बेस्ट डिफेंडर का अवार्ड

# आरपीएस स्कूल ने सीबीएसई नेशनल फुटबॉल चैंपियनशिप में जीता ब्रॉन्ज

**महेंद्रगढ़।** सीबीएसई द्वारा आयोजित नेशनल फुटबॉल टूर्नामेंट में आरपीएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल की फुटबॉल टीम ने ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। यह प्रतियोगिता भोपाल में आयोजित की गई, जहां विदेशों एवं देश से विभिन्न राज्यों व क्लस्टर की श्रेष्ठ टीम भाग लेने पहुंची थी। रोमांचक मुकाबलों के बीच आरपीएस विद्यालय महेंद्रगढ़ की टीम ने अपने उत्कृष्ट खेल कौशल, अनुशासन और टीम भावना के बल पर तीसरा स्थान हासिल किया। विद्यालय के खिलाड़ियों ने न केवल विद्यालय का मान बढ़ाया, बल्कि जिले और प्रदेश का नाम भी राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया। खिलाड़ियों के इस ऐतिहासिक प्रदर्शन से विद्यालय तथा क्षेत्रवासियों में हर्ष और गर्व की लहर दौड़ गई है। आरपीएस ग्रुप चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव, सीईओ इंजीनियर मनीष राव, डिप्टी सीईओ कुनाल राव तथा प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी ने विजेता टीम और उनके कोच को बधाई दी। इस सफलता से विद्यार्थियों का आत्मविश्वास और अधिक बढ़ेगा तथा अन्य खिलाड़ी भी प्रेरणा लेकर भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करेंगे। यह उपलब्धि न केवल खेल प्रतिभा का प्रतीक है।



**महेंद्रगढ़।** खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए।



**राजौंद।** कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी व स्टाफ सदस्य। *फोटो :हरिभूमि*

### भाषण प्रतियोगिता में कोमल प्रथम

**राजौंद।** राजकीय महाविद्यालय राजौंद में सांस्कृतिक समिति के तत्वावधान में दो दिवसीय प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन शुरू किया गया। प्रतियोगिता के प्रथम दिवस में विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और जोश के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। पहले दिन प्रश्नोत्तरी, भाषण और चित्रकला जैसी गतिविधियों का आयोजन किया गया,जिनमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। भाषण प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने विविध सामाजिक और शैक्षिक विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। इस प्रतियोगिता में कोमल ने उत्कृष्ट प्रस्तुति देकर प्रथम स्थान प्राप्त किया,पल्लवी को द्वितीय स्थान तथा पूजा को तृतीय स्थान मिला। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में छात्रों ने तीव्र बुद्धि और ज्ञान का परिचय दिया। इसमें पूजा एवं उनके समूह ने प्रथम स्थान,प्रीति एवं उनके समूह ने द्वितीय स्थान, जबकि लोवनीत एवं उनके समूह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस दौरान अशोक, प्रदीप, दीपक, सीमा, निशु, प्रवीण, तरुण, हरीपाल, राजरानी का विशेष योगदान रहा।

### तलवारबाजी चैंपियनशिप में प्राची ने जीता दोहरा पदक

**जींद।** उत्तराखंड के हल्द्वानी शहर के इंदिरा गांधी स्टेडियम में नेशनल कैडेट (अंडर-17) नेशनल फेंसिंग चैंपियनशिप का आयोजन आठ सितंबर से 14 सितंबर तक किया जा रहा है। इस चैंपियनशिप में जींद की बेटी प्राची सैनी ने दोहरे पदक जीत कर फिर से अपनी काबिलियत का लोहा मनवाया। चैंपियनशिप आयोजन के तीसरे दिन प्राची ने तलवारबाजी के फॉयल इवेंट के एकल वर्ग के सेमीफाइनल मैच में महाराष्ट्र की खिलाड़ी को हरा कर सिल्वर मेडल अपने नाम किया और आयोजन के चौथे दिन हरियाणा की तरफ से खेलते हुए टीम इवेंट में चंडीगढ़ की टीम को फाइनल में हरा कर गोल्ड मेडल प्राप्त किया। फॉयल इवेंट में 26 राज्यों के 500 से 600 चयनित खिलाडियों ने भाग लिया। प्राची तलवारबाजी की एक होनहार अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी है। कम उम्र में ही नेशनल लेवल के अब तक 40 से 45 पदक अपने नाम कर चुकी है।

---

### कैथल की टीम ने जीता गोल्ड

**कैथल।** जिला सहायक शिक्षा अधिकारी रमेश चहल ने बताया कि राज्य स्तरीय स्कूली खेलकूद प्रतियोगिता में अंडर 17 वर्ग में कैथल की लड़कों की टीम ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया। प्रतियोगिता का आठ सितंबर से 10 सितंबर तक पानीपत में आयोजित हुई। इसको लेकर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में गांव बलवंती के सरपंच मंजीत कुमार, राजकीय वमवि बलवंती के प्रिंसिपल मामचंद, बलवंती स्कूल के डीपीई राजेश कुमार सहित सभी खिलाड़ी पहुंचे। जिला शिक्षा अधिकारी विजयलक्ष्मी ने बच्चों को आशीर्वाद दिया। विजेता टीम के खिलाड़ियों में हरप्रीत, आर्यन, विशाल, जीवन, मनोज कुमार, हरि कुमार, आर्यन कुमार, अजय कुमार, अमन कुमार, अभिमन्यु, आर्यन कुमार, साहिल कुमार, हिमांशु शमिल रहे। इनमें बलवंती और ग्योंग गांव के सबसे ज्यादा खिलाड़ी हैं।



जिला शिक्षा अधिकारी विजयलक्ष्मी विद्यार्थियों से बातचीत करते।



**जींद।** पानी की जांच करते हुए टीम सदस्य। *फोटो :हरिभूमि*

### रूपगढ़ के जलघर का किया निरीक्षण

**जींद।** बरसात के मौसम में होने वाली डेंगू, मलेरिया व डायरिया जैसी बीमारियों के प्रति लोगों को जागरूक करने व हर घर तक स्वच्छ पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की संयुक्त टीम ने शुक्रवार को गांव रूपगढ़ के घर-घर दस्तक दी व पानी में क्लोरिनेशन की जांच की। जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के जिला सलाहकार रणधीर मताना ने बताया कि संयुक्त टीम में जिला लैब केमिस्ट विरेंद्र सिंह व खंड समन्वयक दिनेश मलिक के साथ-साथ विभाग के पंप ऑपरेटर सहित विभाग के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। रणधीर मताना ने बताया कि विभाग की संयुक्त टीम गांव रूपगढ के जलघर पर पहुंची टीम ने वहां पर पेयजल आपूर्ति में सप्लाई की जा रही क्लोरिनेशन चैक की, जोकि सही पाई। इसके बाद टीम ने पानी के बक्ट्रोलोजिकल व कैमिकल जांच के लिए सैंपल लिए। जल घर में क्लीयर वाटर टैंक, स्टोरेज टैंक, फिल्टर, क्लोरिनेशन डोजर के साथ-साथ सफाई का भी निरीक्षण किया।

### अमानवीय प्रथा के खिलाफ जागरूकता जरूरी

**जींद।** कन्या भ्रूण हत्या जैसी गंभीर सामाजिक बुराई के खिलाफ आशा वर्कर्स यूनियन हरियाणा द्वारा प्रदेश स्तर पर चलाए जा रहा जागरूकता जत्था शुक्रवार को दूसरे दिन भी जींद जिले में रहा। इस दौरान नागरिक अस्पताल जींद, बराह कलां, सिवानामाल व हाट गांव में जनसभाएं की। जिनमें विभिन्न जनसंगठनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, स्वास्थ्यकर्मियों ने स्वागत किया। अभियान का उद्देश्य समाज में बेटियों के जन्म को सम्मान देना, भ्रूण हत्या जैसी अमानवीय प्रथा के खिलाफ जनजागरण करना और परिवारों को स्वास्थ्य सेवाओं व योजनाओं के प्रति जागरूक करना है। जत्थे का नेतृत्व यूनियन की राज्य महासचिव सुरेखा, उपप्रधान अनीता, सुदेश, जिला प्रधान नीलम, जिला सचिव राजबाला, जगवंती और सीटू जिला सचिव कपूर सिंह ने किया। कार्यक्रम में कन्या भ्रूण हत्या के दुष्परिणामों पर चर्चा की गई और समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने का संदेश दिया गया।



**जींद।** नागरिक अस्पताल में जत्थे को संबोधित करते हुए वक्ता।



**जींद।** शिकायतों का निपटान करते डीसी। *फोटो :हरिभूमि*

### 9753 शिकायतों में से 8430 का निपटान

**जींद।** प्रदेश सरकार की नागरिक केंद्रित पहल को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री कार्यालय से उच्चाधिकारियों ने शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलों के उपायुक्तों के साथ बैठक की। इस दौरान विभिन्न जनसमस्या पोर्टलों पर लंबित शिकायतों की समीक्षा की गई। बैठक में निर्देश दिए गए कि प्रत्येक जिला उपायुक्त यह सुनिश्चित करें कि शिकायतों का निपटान समयबद्ध, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से हो। समाधान शिविरों में दर्ज शिकायतों की प्रगति का नियमित रूप से अपडेट उपलब्ध कराया जाए। जिन जिलों में अपेक्षाकृत कम शिकायतें दर्ज हुई हैं, उनके कारणों की भी समीक्षा की गई। सभी उपायुक्तों को निर्देश दिए गए कि वे व्यक्तिगत रूप से विभागीय कार्यप्रणाली पर नजर रखें और जनशिकायतों का समाधान अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता बनाएं।

---



**जींद।** बच्चों को सम्मानित करते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

### कला उत्सव का किया आयोजन

**जींद।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में जिला स्तरीय कला उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मंच संचालन रंगकर्मी रमेश भनवाला ने किया। मुख्यातिथि के रूप में जिला परियोजना संयोजक रितु पंघाल ने शिरकत की। कला उत्सव के दौरान विद्यार्थियों ने क्लासिकल रिदम, फोक डांस, थिएटर, माइम, विजुअल आट्र्स और स्टोरी टेलिंग गतिविधियों में भाग लिया। ग्रुप सॉग और 2डी विजुअल आट्र्स में राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जींद ने प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं वोकल म्यूजिक क्लासिकल सोलो गायन व क्लासिलक इंस्ट्रयूमेंट में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जींद ने प्रथम स्थान हासिल किया। स्टोरी टेलिंग और माइम में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बड़ौदा की टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया।

# पारंपरिक परिधान में अंजलि प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

प्रियदर्शनी इंदिरा गांधी राजकीय महिला कालेज में दो दिवसीय प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन किया। पहले दिन छात्राओं ने गायन, भाषण, कविता वाचन व चित्रकला आदि गतिविधियों के माध्यम से अपनी कला का प्रदर्शन किया। वहीं दूसरे दिन एकल नृत्य व सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति द्वारा सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया व मंच के माध्यम से हरियाणवी संस्कृति को जीवंत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य जय नारायण गहलावत ने की। राष्ट्रपति अवार्डी और पहला सुषमा स्वराज सम्मान प्राप्त करने वाली मंजू शर्मा मुख्यअतिथि रही। इसके अलावा जिला बार एसोसिएशन से विकास लोहान, राष्ट्रीय अवार्डी सुभाष ढिगाना आदि ने सम्मानित अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम का संचालन सांस्कृतिक समिति के संयोजन सहायक प्रोफेसर रवि कुमार एवं आईक्यूएसी के समन्वयक डा. संदीप शर्मा के मार्गदर्शन में हुआ। प्राचार्य जय नारायण गहलावत ने छात्राओं का उत्साहवर्धन किया व पढ़ाई के साथ-साथ अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों में बढ़चढ़ कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि प्रतिभा खोज प्रतियोगिता विद्यार्थियों के विश्वास और व्यक्तित्व विकास का सशक्त माध्यम है।



**जींद।** कार्यक्रम में प्रस्तुति देते छात्राएं। *फोटो :हरिभूमि*



**नरवाना।** कांग्रेस नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला जलभराव का जायजा लेते।

### प्रदेश को बाढ़ से डुबोने के लिए सरकार जिम्मेदार

**नरवाना।** कांग्रेस नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला ने शुक्रवार को नरवाना क्षेत्र के गांव दनौदा, भिखेवाला, फरैण, दबलैन, ईस्माइलपुर समेत दर्जनों गांव का दौरा कर भाजपा सरकार की लापरवाही और किसान, मजदूर, गरीब, एससी-बीसी की बर्बादी का मंजर अपनी आंखों से देखा। मुख्यमंत्री नायब सैनी इस इलाके में आए तो जरूर लेकिन किसी खेत या गांव की गली में जाकर किसान या गरीब आमजन की पीड़ा को नहीं समझा। दूसरी ओर एक या दो गांव में सड़क पर कहकहे लगाकर किसान, मजदूर, गरीब के जले पर नमक जरूर छिड़क गए। नरवाना क्षेत्र में नरवाना-धरौदी के खेत आज भी पानी से लबालब है। इसके अलावा गांव दनौदा सैंथली, भिखेवाला, फरैण, दबलैन, ईस्माइलपुर सहित इलाके के अनेक गांव की फसल जल भराव से बर्बाद हो चुकी है। नरवाना क्षेत्र के कई गांव सेम की समस्या से ग्रस्त हो चुके हैं, जिसके कारण ना तो कपास और बाजरा की फसल होती है और ना ही धान की फसल। हर साल हजारों एकड़ फसल बर्बाद हो जाती है। लेकिन सरकार के पास इस समस्या से निजात दिलवाने के लिए कोई प्रबंधन नहीं है यह नायब सैनी सरकार की अपराधिक लापरवाही नहीं, तो क्या है। अब 'ढोल की पोल' खुल गई है। सरकारी निकम्मेपन और नाकारापन की असलियत लोगों के सामने है।

---

### शहर में मिले आठ तो ग्रामीण क्षेत्र में मिले 11 पॉजिटिव

# जींद में मिला एक डेंगू पॉजिटिव, आंकड़ा 19 पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

स्वास्थ्य विभाग को लगातार डेंगू पॉजिटिव रिपोर्ट मिल रही हैं। शुक्रवार को भी स्वास्थ्य विभाग को नरवाना निवासी 48 वर्षीय एक व्यक्ति की डेंगू पॉजिटिव रिपोर्ट मिली। जिसके चलते डेंगू पॉजिटिव के कुल मामले 19 हो गए हैं। हालांकि राहत भरी बात यह है कि केवल चार ही मामले एक्टिव हैं।

वहीं स्वास्थ्य विभाग को मलेरिया का भी एक केस मिला है। जबकि चिकनगुनिया का एक भी मामला सामने नही आया है। डेंगू, मलेरिया और अन्य मौसमी बीमारियों को लेकर सितंबर व अक्टूबर माह को पीक मौसम माना जाता है। इन दो महीनों में डेंगू, चिकनगुनिया व मलेरिया जैसी बीमारियां फैलने का खतरा रहता है। ऐसे में मौसमी बीमारियों को रोकने के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीमें लगातार फील्ड में हैं। सर्वे के दौरान बीमार मिल रहे लोगों के खून के सैंपल लेकर उन्हें जांच के लिए लैब में भेजे जा रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोगों को बरसात के मौसम में होने वाली बीमारियों तथा डेंगू से बचाने के लिए शहर में नुक्कड़ बैठकें कर लोगो को जागरूक करने का भी काम किया जा रहा है। सिविल सर्जन डा. सुमन कोहली के दिशा-निर्देशन में वीरवार को स्वास्थ्यकर्मियों ने शहर में की दर्जन भर कालोनियों में घर-घर जाकर लोगों को मच्छरजनित रोगों तथा डायरिया, उल्टी व दस्त जैसी बीमारियों से बचाव की जानकारी दी जा रही है। इस दौरान स्वास्थ्यकर्मियों ने ओआरएस, जिंक तथा क्लोरीन की गोलियां भी वितरित कर रहे हैं। जिला स्वास्थ्य निरीक्षक राममेहर वर्मा ने बताया कि बरसात के मौसम में होने वाली बीमारियों के बचाव के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। स्वास्थ्य कर्मचारियों द्वारा चलाए जा रहे जागरूकता अभियान का परिणाम है कि डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया व डायरिया जैसे बीमारियों पर अंकुश लगा हुआ है। अब तक शहर में आठ तो जिला में कुल 19 डेंगू के मामले आए हैं।



#### जिले में केवल तीन डेंगू के मामले एक्टिव

मलेरिया नोडल अधिकारी डा. बिजेंद्र ढांडा ने कहा कि जिला में 19 डेंगू पॉजिटिव में से केवल तीन एक्टिव हैं। जो लोग अक्सर अपने घर व आसपास साफ.-सफाई पर विशेष ध्यान रखने की बजाय लापरवाही करते हैं, उन्हीं क्षेत्रों में उक्त बीमारियां ज्यादा फैलने की आंशका ज्यादा रहती है। जिस क्षेत्र में साफ.-सफाई का ध्यान रखा जाएगा, वहां पर डायरिया, उल्टी दस्त, मलेरिया व डेंगू सहित 80% बीमारियों से मनुष्य अपने आप को सुरक्षित रख सकता है।



**जींद।** मीटिंग में मौजूद सभा के पदाधिकारी। *फोटो :हरिभूमि*

### महाराज अजमीढ़ की जयंती को लेकर बैठक

**जींद।** मैढ सुनार सभा द्वारा आगामी पांच अक्टूबर को स्थानीय सैक्टर छह जींद में स्थित सुनार धर्मशाला में सुनार समाज के आदि देव महाराज अजमीढ़ की जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। महाराज अजमीढ़ मन्दिर व धर्मशाला प्रांगण में आयोजित इस अवसर पर महाराज अजमीढ़ मन्दिर व धर्मशाला में भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा। यह मैढ सुनार सभा के प्रधान सत्यनारायण सोनी की अध्यक्षता में हुई बैठक में लिया गया। सभा के महासचिव राममेहर वर्मा, वित्त सचिव गौरव सोनी, नरेश सोनी, रमेश वर्मा, नरेन्द्र भामा तथा इंद्र सिंह ने बताया कि समाज के पूर्वज महाराजा अजमीढ़ जयंती को धूमधाम से मनाने के लिए पदाधिकारियों की जिम्मेवारी तय कर दी गई है। उन्होंने बताया कि जयंती समारोह में समाज सेवी एवं उद्योगपति सुमेरचंद वर्मा बतौर मुख्यअतिथि तथा राजेश कुमार उर्फ भोला अति वशिष्ट अतिथि के तौर पर भाग लेंगे।

## खबर संक्षेप

### केवि बुडायन में मनाया निरीक्षण दिवस

**उचाना।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बुडायन रणधीर सिंह सहायक आयुक्त गुरुग्राम संभाग के नेतृत्व में निरीक्षण दिवस का आयोजन हुआ। निरीक्षण टीम में भूप सिंह प्राचार्य केवि नाहरा, मोहिंद्र सिंह प्राचार्य केवि पालूवास, अजीत सिंह प्राचार्य केवि क्रमांक-1 अम्बाला, दीप्ति पिथवाल मुख्य एनएस मानेसर उपस्थित रहे। प्राचार्य सुरेंद्र ने सहायक आयुक्त एवं निरीक्षण टीम का स्वागत किया।

### उद्यमिता पखवाड़ा पर करवाई प्रतियोगिता

**सीवन।** आर.के.एस.डी. कॉलेज, कैथल की उद्यमिता प्रकोष्ठ ने उद्यमिता पखवाड़ा का आयोजन बड़े उत्साह और विद्यार्थियों तथा संकाय सदस्यों की सक्रिय भागीदारी के साथ किया। इस कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजबीर पराशर के प्रेरणादायी मार्गदर्शन और आशीर्वाद से हुआ, जिनका दृष्टिकोण और उत्साह इस आयोजन की प्रमुख प्रेरणा बना।

### मालिकाना हक के लिए आए आवेदनों पर करें कार्रवाई

**कैथल।** डीसी प्रीति ने कहा कि पट्टेदारों को मालिकाना हक देने के लिए लागू की गई योजना के तहत सरकार द्वारा जारी आदेशानुसार पात्र लोगों को जल्द से जल्द मालिकाना हक दिया जाए। अधिकारी इस संबंध में जो भी सरकार ने आवश्यक मापदंड निर्धारित किए हैं, उनकी पालना सुनिश्चित करते हुए लोगों को योजना का लाभ दें। डीसी प्रीति शुक्रवार को इस योजना को लेकर आयोजित बैठक में आवश्यक निर्देश दे रहीं थीं।

### सोशल साइट पर साइबर ठगों का नया पैंतरा

**कैथल।** एसपी आस्था मोदी ने जानकारी देते हुए बताया की साइबर अपराधी विदेश में गए किसी परिचित या रिश्तेदार की फेसबुक, इंस्टाग्राम या अन्य सोशल साइट पर फर्जी प्रोफाइल तैयार कर लोगों से संपर्क करते हैं और उन्हें विश्वास दिलाते हैं कि वह विदेश से भारत में पैसे भेज रहा है। जिस बारे वह अपनी फैमिली को नहीं बता सकता। ज़ब वह वापिस आएगा तब आपसे पैसे ले लेगा। इस झांसे को और मजबूत करने के लिए ठग फर्जी बैंक अधिकारी बनकर पीड़ित को फोन कॉल करते हैं और कहते हैं कि आपके खाते में विदेश से पैसे आने हैं तथा यह केवल एक कन्फर्मेशन कॉल है।

### कुश्ती में राहुल का शानदार प्रदर्शन

**राजौंद।** पानीपत में राज्य स्तरीय स्कूल कुश्ती प्रतियोगिता में बिरला ओपन माइंड इंटरनेशनल स्कूल राजौंद कुश्ती अकादमी के राहुल का शानदार प्रदर्शन रहा। स्कूल के प्रधानाचार्य शीश पाल ने बताया कि उनके स्कूल के छात्र राहुल ने 60 किलो भार वर्ग में कांस्य पदक जीतकर नाम रोशन किया है। प्रधानाचार्य ने बताया कि बिरला ओपन माइंड इंटरनेशनल स्कूल राजौंद के बच्चे पहले भी राष्ट्रीय स्तर पर जीत हासिल कर चुके हैं।

## सांसद ने राजकीय आईटीआई व जाट प्राइवेट आईटीआई का किया दौरा

# उद्योग आधारित प्रशिक्षण ही युवाओं को आत्मनिर्भरता की ओर ले जाएगा: नवीन

**सांसद ने प्रशिक्षण संस्थानों में मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा कराने की बात भी कही**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

सांसद नवीन जिन्दल ने शुक्रवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कैथल (आईटीआई) और जाट प्राइवेट आईटीआई का दौरा करते हुए कहा कि उद्योग आधारित प्रशिक्षण ही युवाओं को रोजगार और आत्मनिर्भरता की ओर ले जाएगा।

युवाओं को आधुनिक व्यावसायिक प्रशिक्षण दिलाना मेरा संकल्प है और इसी दिशा में कदम दर कदम प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमने कुरुक्षेत्र में दो इंटरनेशनल स्किल सेंटर स्थापित किए हैं, जहां युवा आधुनिक तकनीक और अंतर्राष्ट्रीय स्तर की ट्रेनिंग प्राप्त कर रहे हैं। अब हमारा लक्ष्य कैथल जिले में भी इंटरनेशनल स्किल सेंटर स्थापित करना है। इससे यहां के युवाओं को वैश्विक मानकों के अनुसार प्रशिक्षण मिलेगा और उन्हें बेहतर रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। इस अवसर पर सांसद नवीन जिन्दल ने विद्यार्थियों से संवाद कर उनकी पढ़ाई, प्रशिक्षण और रोजगार से जुड़ी जानकारी ली।





**कैथल।** निरीक्षण के दौरान विद्यार्थी राजकीय आईटीआई कैथल के अधिकारियों से बातचीत करते सांसद नवीन जिंदल।

### सुधार संबंधी सुझावों के मांग पत्र भी सांसद को सौंपे

*इस मौके पर संस्थान के प्रतिनिधियों ने अपनी आवश्यकताओं और सुधार संबंधी सुझावों के मांग पत्र भी सांसद को सौंपे। सांसद नवीन जिंदल ने आश्वासन दिया कि संस्थान की हर जरूरत को गंभीरता से पूरा किया जाएगा, ताकि किसी भी छात्र को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण लेने में कोई कठिनाई न हो। उल्लेखनीय है कि सांसद नवीन जिंदल द्वारा नवीन जिन्दल फाउंडेशन के माध्यम से क्षेत्र में युवाओं को रोजगारपरक शिक्षा और प्रशिक्षण देने के लिए कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं।*

### विद्यार्थियों से की बातचीत

सांसद नवीन जिंदल ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों से उनके कोर्स और वर्कशॉप में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में विस्तार से चर्चा की। छात्रों ने उत्साहपूर्वक अपनी सीखने की प्रक्रिया और भविष्य की संभावनाओं को साझा किया। संस्थान के स्टाफ और अध्यापकों से मुलाकात के दौरान सांसद नवीन जिंदल ने वहां की व्यवस्थाओं और मूलभूत जरूरतों की जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर राजकीय आईटीआई कैथल के प्रधानाचार्य सतीश मच्छाल, अधीक्षक सोहन लाल आदि उपस्थित थे।

## छात्र अब 30 सितंबर तक ले सकते हैं रिक्त सीटों पर दाखिले

# आईटीआई में ऑन द स्पॉट दाखिले की तरीख बढ़ी



**जींद।** दाखिला प्रक्रिया में लगे अनुदेशक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए विभाग द्वारा ऑन दा स्पॉट दाखिला की तिथि को बढ़ाकर 30 सितंबर कर दिया गया है। इसमें विद्यार्थी को दाखिला लेने के लिए संस्थान में उपस्थित होना होगा और दाखिला प्रक्रिया ऑन दा स्पॉट पूर्ण करनी होगी। कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग द्वारा पत्र जारी निर्देश दिए गए हैं कि जिन सस्थानों में रिक्त रह गई हैं, वहां दाखिला पोर्टल पर नए आवेदन 13 सितंबर से शुरू होंगे। वहीं दाखिला 15 सितंबर से लेकर 30 सितंबर तक संस्थान स्तर पर ऑन दा स्पॉट दाखिला किया जा सकता है। केवल दाखिला पोर्टल पर निर्धारित तिथि से पहले ऑनलाइन दाखिला फीस जमा करवाते हुए अपलोड हुआ दाखिला ही वैध माना जाएगा। इसके उपरांत यदि कोई दाखिले बारे क्लेम करता है तो वह स्वीकार्य नहीं होगा और वह दाखिला वैध नहीं माना जाएगा।

### इन ट्रेड में सीट खाली

प्राचार्य नरेश कुमार ने कहा कि अभी संस्थान में विभिन्न ट्रेड में 46 सीट खाली हैं। वुड वर्क टेक्नीशियन ट्रेड में निर्धारित 48 सीटों में से 41 सीटों पर दाखिला हो चुका है और सात सीट खाली बची हुई हैं। इसी प्रकार स्वींग टेक्नॉलोजी में निर्धारित 40 में से 25 सीट पर दाखिला हो चुका है और 15 सीट खाली बची हुई हैं। वहीं ड्रेस मेकिंग ट्रेड में निर्धारित 40 में से 16 सीट पर दाखिला हो चुका है और 24 सीट खाली बची हुई हैं।

# भाजपा सरकार का किसानों के हित से कोई लेना-देना नहीं : बीरेंद्र सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं कांग्रेस नेता बीरेंद्र सिंह द्वारा बारिश के जलभराव से खराब हुई फसलों का जायजा लेने के लिए सुरबरा गांव पहुंचे। यहां पर किसानों के साथ बातचीत कर उनकी समस्याओं को जाना। किसानों ने बताया कि फसल में जलभराव होने से फसल खराब हो रही है।

कई दिनों से फसलों में जलभराव है। किसान की आमदन का साधन फसल होती है। फसल खराब होने से आर्थिक नुकसान किसानों को हुआ है। अब भी खेतों में जलभराव है। पत्रकार वार्ता में बीरेंद्र सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार का किसानों से कोई मतलब नहीं है। दस साल भाजपा सरकार में रह कर आया हूं मेरे को पता है भाजपा सरकार में चार लोगों की कोई जगह नहीं है। किसान, जवान, गरीब, अल्पसंख्यक के लिए कोई जगह नहीं है। भाजपा धर्म, जात पात का नाम लेकर लोगों को अपने पक्ष में कर लिया।



**जींद।** सुरबरा गांव में खराब हुई फसल का जायजा लेने पहुंचे पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर पूर्व चेयरमैन सज्जन सिंह, हरेंद्र सिंह, गुरनाम पालवां, राजेश खरकभूरा, दीपक डूमरखा, विजेंद्र डूमरखा कलां, सुशील सुरबरा, कुमार अनिल, मंजीत काब्रच्छा, रणधीर मंगलपुर, रिंकू जांगड़ा, पूर्व सरपंच प्रदीप, रामफल झील मौजूद रहे।

### स्वच्छता अभियान में जुटी पूंडरी नगर परिषद

**पूंडरी।** हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान-2025 के तहत पुंडरी शहर में भी सफाई अभियान तेज कर दिया गया है। इसी कड़ी में गुरुवार को जिला नगर आयुक्त कपिल शर्मा ने स्वच्छता अभियान को सफल बनाने के लिए सभी पार्षदों व अधिकारियों के साथ चर्चा की। इस मौके पर मुख्य रूप से नगर पालिका चेयरपर्सन बबली गोस्वामी, वाइस चेयरमैन रामप्रसाद व सचिव नरेश कुमार भी मौजूद थे। बैठक में शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने को लेकर विशेष चर्चा की गई। आयुक्त कपिल शर्मा ने कहा कि नगर पालिका के कर्मचारी सफाई व्यवस्था संभालेंगे, लेकिन अभियान की सफलता तभी संभव है जब आमजन भी इसमें पूरा सहयोग करें। उन्होंने शहरवासियों से अपील की कि सभी लोग अपने आसपास के वातावरण को साफ-सुथरा रखें और गीले-सूखे कचरे को अलग-अलग करके ही पालिका की गाड़ियों में डालें।

# सेवा ही सबसे बड़ा धर्म : देवेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

बस स्टैंड के पास ब्राह्मण धर्मशाला में भाजपा की मीटिंग हुई। मीटिंग में पन्ना प्रमुख, बूथ अध्यक्षों, बूथ पालकों, बीएलए-2, शक्ति केंर्द्र प्रमुखों, सह-प्रमुखों, पालकों, समस्त कार्यकारिणी एवं कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। मीटिंग में सेवा पखवाड़ा को लेकर विस्तार से चर्चा की। मुख्य वक्ता के तौर पर विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री पहुंचे। अत्री ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के 17 सितंबर को जन्म दिन से लेकर 25 सितम्बर को दीन दयाल उपाध्याय जयंती एवं महात्मा गांधी जयंती दो अक्तूबर तक सेवा पखवाड़ा पूरे जोश और जनभागीदारी के साथ मनाया जाएगा। इस दौरान गांवों और शहरों में स्वच्छता अभियान, रक्तदान व स्वास्थ्य शिविर, पौधरोपण अभियान, बच्चों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता व युवाओं के लिए सांसद खेल स्पर्धाएं आयोजित होंगी। साथ ही जागरूकता के लिए डॉक्यूमेंट्री फिल्मों का प्रदर्शन भी किया जाएगा। सेवा पखवाड़ा केवल कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज के लिए भाजपा का संकल्प और सेवा पर्व है। भाजपा का हर कार्यकर्ता सेवा को ही धर्म मानता है। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार गरीब, किसान, युवा और महिलाओं के उत्थान के लिए समर्पित हैं। आयुष्मान भारत योजना, उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी योजनाओं लाभ पहुंचाया है।



**जींद।** मीटिंग में पहुंचे विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री का स्वागत करते हुए पदाधिकारी।

### किठाना पब्लिक स्कूल की छात्राओं ने क्विज़ में किया शानदार प्रदर्शन

**राजौंद।** किठाना पब्लिक स्कूल की तीन छात्राएं अंशिका,साक्षी एवं रीतू ने जिले में आयोजित जिला स्तरीय साइंस क्विज़ प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान प्राप्त किया है। यह प्रतियोगिता बेहद कड़ी रही, जिसमें कुल 122 स्कूलों ने भाग लिया। सबसे पहले हुए स्क्रीनिंग टेस्ट में उनके स्कूल की टीम ने 122 टीमों में से दूसरा स्थान हासिल कर सबको चौंका दिया। इसके बाद शीर्ष 8 टीमों को अगले चरण के लिए चयनित किया गया। कई कठिन स्तरों में मुकाबला करने के बाद उनके स्कूल की टीम ने तीसरा स्थान अपने नाम किया। स्कूल प्रधानाचार्या डॉ सुमन ढांडा ने कहा की स्कूल की इन छात्राओं ने विद्यालय और अभिभावकों का नाम रोशन किया है। यह सफलता उनकी मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है।

*विधायक जांबा ने तीर्थ के रख रखाव के लिए पांच लाख रुपये दिए*

# पुंडरीक तीर्थ का सौंदर्यीकरण और विकास करवाया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

हलका विधायक सतपाल जांबा ने शुक्रवार को ऐतिहासिक पुंडरीक तीर्थ का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने पुंडरीक तीर्थ सभा के पदाधिकारियों और नगर पालिका अधिकारियों के साथ बैठक कर तीर्थ के सौंदर्यकरण एवं विकास कार्यों को लेकर विचार-विमर्श किया। सभा को विकास कार्यों के लिए विधायक ने 5 लाख रुपए का अनुदान भी प्रदान किया। बैठक में शहरवासियों और सभा सदस्यों से भी सुझाव लिए गए। विधायक ने घोषणा की कि 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक तीर्थ पर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा।



**कैथल।** पुंडरीक तीर्थ पर बैठक करते हुए विधायक सतपाल जांबा। *फोटो :हरिभूमि*

**बैठक में ये मौजूद रहे**

इस मौके पर पुंडरीक तीर्थ सभा के अध्यक्ष राजबीर सैनी, ग्यारहरुद्री सभा के अध्यक्ष अजीत रायका, रामप्रकाश गोगी, नगरपालिका चेयरमैन प्रतिनिधि राकेश गोस्वामी, पार्षद हिशम बुक्कल, विक्की, कुलविंदर चठा, पूर्व पार्षद कुलदीप सैनी, जयकुमार, कृष्ण सैनी, रमेश शर्मा, जगदीश, डॉ बलविंद्र मैहला, अरुण गुलाटी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### हजवाना व रसीना स्कूलों में विधायक सतपाल जांबा ने किया विकास कार्यों का उद्घाटन




**पूंडरी।** हल्का विधायक सतपाल जांबा ने शुक्रवार को शिक्षा क्षेत्र में बड़े कदम उठाते हुए गांव हजवाना व गांव रसीना के सरकारी विद्यालयों में करोड़ों रुपए की लागत से तैयार नई सुविधाओं का लोकार्पण किया।

गांव हजवाना स्थित राजकीय उच्च विद्यालय में लगभग 66 लाख की लागत से निर्मित दो नए कमरे, विज्ञान प्रयोगशाला, पेवर ब्लॉक, नवनिर्मित रास्ता एवं चारदीवारी का उद्घाटन किया गया। इन सुविधाओं से विद्यालय में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण और सुरक्षित परिसर उपलब्ध होगा।

वहीं गांव रसीना के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 45 लाख की लागत से निर्मित पाँच नए कमरों का लोकार्पण किया गया। इन कमरों के निर्माण से विद्यालय की आधारभूत संरचना मजबूत होगी और छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए पर्याप्त कक्षाएं उपलब्ध होंगी। विधायक जांबा ने कहा कि इन विकास कार्यों से क्षेत्र में शिक्षा और खेल दोनों क्षेत्रों में नई संभावनाओं का द्वार खुलेगा। उन्होंने कहा कि उनका संकल्प है कि पूंडरी विधानसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयास जारी रहेंगे।

### शिविर में दिखा छात्राओं का सेवाभाव



**गुहला-चीका।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, चीका में एक दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य अशोक कुमार व एनएसएस इकाई के प्रभारी प्राध्यापक जितेंद्र सिंह ने की। शिविर में विद्यालय की एनएसएस स्वयंसेविकाओं ने विभिन्न सामाजिक कार्यों में भाग लेकर समाजसेवा की मिसाल पेश की। शिविर की शुरुआत विद्यालय प्रांगण में स्वच्छता अभियान के साथ हुई, जिसमें छात्राओं ने पूरे परिसर की सफाई की।

## व्यापार संगठन ने जताई किसान व आम आदमी के नुकसान पर चिंता

# प्रदेश की जनता को बाढ़ से हुए नुकसान का जल्द मुआवजा दे सरकार

**व्यापारियों के साथ बढ़ रही अपराधिक घटनाओं पर लगाम लगाने की मांग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन ने शुक्रवार को जींद मे व्यापारी संगठनों सँग बैठक मे प्रदेश मे बाढ़ से पीड़ित किसानो व आम जनता के नुकसान पर चिंता जताई। क्योंकि प्रदेश के व्यापार किसान की फसल पर पूरी तरह निर्भर रहते हैं। किसान ही यदि नुकसान में होगा तो व्यापारी खुश नही रह सकता है। व्यापार मंडल जींद के तमाम पदाधिकारियो की उपस्थिति में संगठन ने प्रदेश सरकार से मांग की कि जल्द फसलों पालतू जानवरों व घरों में हुए नुकसान का मुवावजा देने की अपील की। प्रदेश की बिगड़ती कानून व्यवस्था और व्यापारी वर्ग के साथ आए दिन हो रही आपराधिक वारदातों के विरोध में गहरा रोष व चिंता व्यक्त की है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष गुलशन डंग ने जींद व्यापार मंडल की बैठक में जींद व्यापार मंडल का धन्यवाद करते हुए कहा कि यह स्थिति अब न केवल डर और असुरक्षा का विषय बन गई है बल्कि प्रदेश की आर्थिक प्रगति और शांति के लिए एक गंभीर खतरा बनकर उभरी है। उन्होंने कहा कि व्यापारी समाज देश की रीढ़ की हड्डी है। हम रोजगार सृजन करते हैं। अर्थव्यवस्था को गति देते हैं। सरकार को राजस्व उपलब्ध कराते हैं और समाज की सेवा का भी दायित्व निभाते हैं लेकिन आज यही व्यापारी समाज अपनी जान और माल की सुरक्षा को लेकर सबसे ज्यादा आशंकित और असहाय है। दिनदहाड़े लूट, अपहरण, जबरन वसूली और हत्या जैसे जघन्य अपराधों का ग्राफ लगातार ऊपर जा रहा है। जबकि प्रशासनिक तंत्र मूकदर्शक बना हुआ प्रतीत होता है। व्यापारी नेता ने कहा कि प्रदेश मे एक के बाद एक लगातार व्यापारियों को निशाना बनाया जा रहा है। जगह-जगह हो रही आपराधिक घटनाओं के बावजूद प्रदेश सरकार कोई सख्त कार्यवाही नही कर रही है। जिससे अपराधियों के हौंसले निरंतर बढ़ रहे हैं और वे दिन दहाड़े बेखौफ होकर इस तरह की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश का कोई भी क्षेत्र ऐसा नहीं है जहां से आए दिन किसी न किसी व्यापारी के साथ हत्या, लूट व फिरौती मांगे जाने की खबरें ना आ रही हो। गुलशन डंग ने कहा कि पिछले कई दिनों से खुले आम इन घटनाओं को अंजाम देने वाले अपराधियों पर प्रदेश सरकार व पुलिस का कोई नियंत्रण नही है। जिस कारण बादमाशों के हौशले बुलंद है और वह दिनदहाड़े व्यापारियों के साथ इस तरह की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं।



**जींद।** बैठक में भाग लेते हुए व्यापारी।

### पूरे प्रदेश में जन जागरण अभियान चलाएंगे

राष्ट्रीय जन उद्योग व्यापार संगठन के कार्य कार्य राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला ने कहा कि हम प्रदेश अध्यक्ष गुलशन डंग के साथ पूरे प्रदेश में एक जन जागरण अभियान चलाएंगे और व्यापारियों की समस्याओं को सरकार से अवगत कराकर उनके निदान हेतु आवश्यक प्रयास किए जाएंगे और जल्द ही व्यापार संगठन का एक प्रदेश स्तरीय सम्मेलन कानून व्यवस्था को लेकर बुलाया जाएगा।

**ये रहे मौजूद**

*इस अवसर पर व्यापार मंडल जींद के सरंक्षक ओमप्रकाश भारद्वाज, अशोक गुलाटी, राजकुमार गर्ग, महेंद्र मंगला, सुरेश सैनी, संजय वर्मा, अशोक मनोचा, बलराज गर्ग, आनंद जैन, सतीश भारद्वाज सहित अनेक व्यापारी नेता मौजूद रहे।*

### बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्यों ने किया प्ले स्कूलों का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य मांगे राम व मीना कुमारी ने कैथल जिले में प्ले स्कूलों के संबंध में दौरा किया गया। उन्होंने कैथल जिले के खंड शिक्षा अधिकारियों, बाल कल्याण समिति, जिला बाल संरक्षण इकाई, महिला एवं बाल विकास विभाग की सुपरवाईजरों की बैठक लेकर उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, तथा जिले में चल रहे प्ले स्कूलों के रजिस्ट्रेशन के बारे में जानकारी हासिल की। आयोग के सदस्य मांगे राम कहा कि प्ले स्कूल में आधारभूत सुविधाएं, सुरक्षा व्यवस्था, शिक्षण सामग्री, स्वास्थ्य व पोषण आदि सुविधाएं मुहैया करवाएं। इसके अंतर्गत साफ-सुथरें व सुरक्षित कक्ष, पर्याप्त रोशनी, बच्चों के लिए अनुकूल फर्नीचर, शौचालय व पीने के पानी की उचित व्यवस्था, खेल खिलौने आदि व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। समय-समय पर प्ले स्कूलों का निरीक्षण किया जाता रहे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से प्ले स्कूलों के संदर्भ में पूर्ण जानकारी प्राप्त की। इस मौके पर कृष्ण लाल शर्मा, राजेश, सुरेश कुमार, सभी खण्ड शिक्षा अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग के सुपरवाइजर उपस्थित रहे।

### पूर्व मुख्यमंत्री हुड्डा के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर 15 को

**जींद।** कांग्रेस जिलाध्यक्ष रिषिपाल हैबतपुर ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा के जन्मदिन पर 15 सितंबर को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर का आयोजन संत शिरोमणि रविदास धर्मशाला सफीदों रोड पर आयोजित किया जाएगा। हैबतपुर ने कार्यकर्ताओं व आमजन से आह्वान किया कि शिविर में बढ़चढ़ कर भाग लें।